

# सब का सपना



निष्पक्ष व निडर- हिंदी दैनिक समाचार पत्र



रणजी नहीं आईपीएल... भारतीय टेस्ट टीम के चयन को लेकर : चेतेश्वर पुजारा -पेजः 7

लव इंश्योरेंस कंपनी में 2040 की मोहबत को फिर से परिभाषित करती दिखीं कृति शेट्टी -पेजः 8



वर्षः 01 | अंकः 145 | मंगलवार 02 सितंबर 2025 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2 रुपए


## पाकिस्तान की ऐसी बेइज्जती कभी नहीं हुई... शहबाज के सामने मोदी ने सुनाई खरी-खरी; एससीओ नेताओं का भी मिला समर्थन

**नई दिल्ली (एजेंसी):** आतंकवाद के खिलाफ भारत का अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अभियान लगातार जारी है। इस क्रम में सोमवार को टियांजिन (चीन) में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की सालाना शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी ने दो टूक कहा कि आतंकवाद पर कोई भी दोहरापन स्वीकार्य नहीं है। इस मंच पर पाकिस्तान के पीएम शाहबाज शरीफ भी मौजूद थे और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग भी। भारत में आतंकवाद को बढ़ावा देने को लेकर पाकिस्तान की भूमिका जगजाहिर है जबकि चीन भी वैश्विक मंचों पर कई बार इस मुद्दे पर अपने मित्र देश पाकिस्तान को कवर देता रहता है। घोषणा पत्र में आतंकवाद की कड़ी भर्त्सना की गई बहरहाल, एससीओ सम्मेलन के बाद जो घोषणा पत्र जारी किया गया है उसमें हर तरह के आतंकवाद की कड़ी भर्त्सना की गई है। एससीओ ने भी कहा है कि आतंकवाद पर दोहरा व्यवहार स्वीकार नहीं होगा। इसे भारतीय रुक के महत्वपूर्ण समर्थन के तौर पर



**शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी ने आतंकवाद पर दोहरे मापदंडों को अस्वीकार्य बताया। उन्होंने वैश्विक समुदाय से एकजुट होकर आतंकवाद का मुकाबला करने का आह्वान किया। एससीओ घोषणा पत्र में आतंकवाद की कड़ी निंदा की गई...**

देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए वैश्विक समुदाय से एकजुट होकर इस चुनौती का मुकाबला करने का आह्वान किया। इआतंकवाद को मानवता के लिए साझा खतरा बताते हुए उन्होंने किसी भी रूप में आतंकवाद के समर्थन को अस्वीकार्य करार दिया। पीएम ने हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र करते हुए इसे मानवता के खिलाफ खुली चुनौती बताया और इस दुख की घड़ी में भारत के साथ खड़े होने वाले मित्र देशों का आभार जताया। अल-कायदा पर कार्रवाई की मांग पीएम मोदी ने भारत की एससीओ नीति को तीन स्तंभों सुरक्षा, कनेक्टिविटी और अवसर पर आधारित बताया। उन्होंने कहा कि भारत ने एससीओ-रैट्स के तहत अल-कायदा जैसे आतंकी संगठनों के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई का नेतृत्व किया और आतंकवाद के वित्तपोषण के खिलाफ आवाज उठाई। कनेक्टिविटी पर भारत के दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए पीएम ने चाबहार पोर्ट और इंटरनेशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर जैसे प्रयासों का उल्लेख किया, जो अफगानिस्तान और मध्य एशिया से संपर्क बढ़ाएंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि कनेक्टिविटी के प्रयासों में संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान जरूरी है। ग्लोबल साउथ की आकांक्षाओं को कैद रखना अन्याय पीएम मोदी ने वैश्विक संस्थानों में सुधार की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि ग्लोबल साउथ की आकांक्षाओं को पुराने ढांचों में कैद रखना अन्याय है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र की 80वीं वर्षगांठ पर इसके सुधार का आह्वान किया। एससीओ नेताओं की बैठक के बाद जारी घोषणा पत्र में भी आतंकवाद की कड़ी निंदा की गई। इसमें कहा गया कि संगठन के सदस्य देश आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई के लिए प्रतिबद्ध हैं और आतंकी समूहों का इस्तेमाल स्वीकार्य नहीं है। घोषणा पत्र में दोहरे मापदंडों को खारिज करते हुए आतंकवाद के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय सहयोग और सीमा पार आतंकियों की आवाजाही रोकने पर जोर दिया गया।

## खेती पर निर्भर न रहें, उद्योग और व्यवसाय स्थापित करें: शरद पवार



**पुणे:** राकांपा (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने बुनियादी ढांचे के विकास के दौर में घटती कृषि भूमि जैसे कारकों को रेखांकित करते हुए रविवार को युवाओं से खेती पर निर्भर रहने के बजाय उद्योग और व्यवसाय स्थापित करने की अपील की। वरिष्ठ नेता ने कहा कि पुणे जिले के पुरंदर में बनने वाला हवाई अड्डा क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। पवार ने उरुली कंचन ग्राम पंचायत के कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद कहा, पुणे की बढ़ती आबादी बुनियादी ढांचे पर बोझ डाल रही है। कृषि भूमि कम होती जा रही है। उन्होंने कहा कि नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के निर्माण ने पनवेल की सूरत बदल दी है और इस क्षेत्र में कई संस्थान स्थापित हो रहे हैं। पूर्व केंद्रीय कृषिमंत्री ने कहा, हेलीकॉप्टर से मुंबई जाते समय पनवेल के पास एक अलग ही नजारा दिखाई देता है। लोग (नवी मुंबई की ओर) पलायन कर रहे हैं और हवाई अड्डा बनकर तैयार होने पर पुरंदर में भी यही नजारा देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह हवाई अड्डा इस क्षेत्र का एक प्रमुख स्थान बन जाएगा।

## नितिन गडकरी का बेबाक बयान: जो लोगों को मूर्ख बना दे, वही सबसे अच्छा नेता

**नई दिल्ली (एजेंसी):** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को लोगों से ईमानदारी और विश्वसनीयता के साथ काम करने का आग्रह किया और कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। उन्होंने कहा कि यद्यपि शॉर्टकट से शीघ्र परिणाम प्राप्त करने में मदद मिल सकती है, लेकिन यह आपको छोटा कर देता है। अखिल भारतीय महानुभाव परिषद द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जैसा कि भगवान कृष्ण ने भगवद गीता में लिखा है, अंत में सत्य की ही जीत होती है। गडकरी ने कहा कि राजनीति में सच बोलना मना है। उन्होंने कहा कि यह कहना जितना आसान है, करना उतना आसान नहीं है, क्योंकि जिस क्षेत्र में वे काम करते



हैं, वहाँ "पूरे दिल से सच बोलने को हतोत्साहित किया जाता है।" एक मराठी कहावत का हवाला देते हुए - "हाओसे, नावसे, गावसे" (हर किसी की अपनी शैली और उद्देश्य होते हैं) - गडकरी ने कहा कि अंततः, जो नेता लोगों को मूर्ख बनाकर अपनी बात मनवा लेता है, अक्सर वही सफल होता है। गडकरी ने कहा कि अक्सर यह माना जाता है कि जो लोगों को सबसे ज्यादा बेवकूफ बना सकता है, वही सबसे अच्छा नेता बन सकता है। उन्होंने कहा कि मैं जिस क्षेत्र में काम करता हूँ, वहाँ पूरे दिल से सच बोलना मना है। यहाँ बहुत से उत्साही और नए लोग हैं, और यह माना जाता है कि जो लोगों को सबसे ज्यादा बेवकूफ बना सकता है, वही सबसे अच्छा नेता बन सकता है। बाद में उन्होंने महानुभाव संप्रदाय के संस्थापक चक्रधर स्वामी की शिक्षाओं की भी प्रशंसा की और कहा कि वे सभी को जीवन में उनका अनुसरण करने के लिए प्रेरित करती हैं। एनडीटीवी के अनुसार, गडकरी ने कहा, "महानुभाव संप्रदाय के संस्थापक चक्रधर स्वामी की शिक्षाएँ सभी के लिए प्रेरणादायी हैं। किसी व्यक्ति में परिवर्तन उसे सिखाए गए मूल्यों से जुड़ा होता है। चक्रधर स्वामी ने सत्य, अहिंसा, शांति, मानवता और समता के मूल्यों की शिक्षा दी। सत्य हमारे जीवन का आधार है और हमें इसका पालन करना चाहिए।" उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सकारात्मकता फैलानी चाहिए और किसी को ठेस नहीं पहुँचानी चाहिए।

## वोट चोरी मोदी की आदत! खड़गे बोले- पीएम बिहार चुनाव में भी यही चाहेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी):** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आगामी बिहार विधानसभा चुनाव वोट चोरी के जरिए जीतने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने लोगों से अपने मताधिकार की रक्षा के लिए सतर्क रहने का भी आग्रह किया, वरना मोदी और अमित शाह आपको डुबो देंगे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व वाली मतदाता अधिकार यात्रा के समापन पर आयोजित एक जनसभा में खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को चोरी करने की आदत है। वह वोट चुराते हैं, पैसा चुराते हैं। और वे (भाजपा) उन लोगों का ख्याल रखते हैं जो देश के बैंकों को लूटकर भारत से भाग



गए। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी वोट चोरी के जरिए बिहार चुनाव जीतने की कोशिश कर रहे हैं। आपको सतर्क रहना चाहिए। अगर आप सतर्क नहीं रहे, तो मोदी और शाह आपको डुबो देंगे। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर, जवाहरलाल नेहरू और महात्मा गांधी आजादी के बाद देश को वोट का अधिकार दिलाए। हमें यह अधिकार नहीं खोना चाहिए, इसलिए हमें कड़ा संघर्ष करना होगा। हमें अपने मताधिकार पर मंडरा रहे खतरे को खत्म करना होगा। 16 दिवसीय मतदाता अधिकार यात्रा सोमवार को पटना में संपन्न हुई। यात्रा का मुख्य एजेंडा बिहार में भारत के चुनाव आयोग द्वारा किए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण का विरोध करना और हाल ही में राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग पर लगाए गए "वोट चोरी" के आरोपों को सही ठहराना था। इससे पहले, राहुल गांधी ने सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी की चीन यात्रा पर निशाना साधते हुए कहा कि "वोट चोर, गद्दी छोड़" का नारा सिर्फ. भारत तक ही सीमित नहीं है, बल्कि बीजिंग तक भी पहुँच गया है। राहुल गांधी ने एएनआई से कहा, "वोट चोर गद्दी छोड़, बिहार में नया नारा चला है, 'वोट चोर, गद्दी छोड़'... यहाँ तक कि चीन और अमेरिका में भी लोग कह रहे हैं 'वोट चोर, गद्दी छोड़'।" राहुल गांधी ने दावा किया कि वह बिहार में एसआईआर अभ्यास को लेकर 'हाइड्रोजन बम' छोड़ने वाले हैं।

## बिहार की 20 लाख महिलाओं को पीएम की बड़ी राहत: कम ब्याज पर मिलेगा उद्यम ऋण

**बिहार (एजेंसी):** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 सितंबर को दोपहर 12:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर, प्रधानमंत्री संस्था के बैंक खाते में 105 करोड़ रुपये भी हस्तांतरित करेंगे। जीविका निधि की स्थापना का उद्देश्य जीविका से जुड़े सामुदायिक सदस्यों को किफायती ब्याज दरों पर धनराशि तक आसान पहुँच प्रदान करना है। जीविका के सभी पंजीकृत संकुल-स्तरीय संघ इस संस्था के सदस्य बनेंगे। इस संस्था के संचालन के लिए बिहार सरकार के साथ-साथ केंद्र सरकार भी धनराशि का योगदान करेगी। जीविका के स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं में उद्यमिता का विकास हुआ है, जिसके परिणामस्वरूप ग्रामीण क्षेत्रों में कई छोटे उद्यम और उत्पादक कंपनियाँ स्थापित हुई हैं। हालाँकि, महिला



उद्यमियों को अक्सर 18%-24% की ऊँची ब्याज दर वाली सूक्ष्म वित्त संस्थाओं पर निर्भर रहना पड़ता है। जीविका निधि की परिकल्पना एक वैकल्पिक वित्तीय प्रणाली के रूप में की गई है, ताकि एमएफआई पर निर्भरता कम की जा सके तथा कम ब्याज दरों पर बड़ी ऋण राशि की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। यह प्रणाली पूरी तरह से डिजिटल प्लेटफॉर्म पर संचालित होगी, जिससे जीविका दीदियों के बैंक खातों में सीधे तेज और अधिक पारदर्शी धनराशि हस्तांतरण सुनिश्चित होगा। इसे सुगम बनाने के लिए, 12,000 सामुदायिक कार्यकताओं को टैबलेट से लैस किया जा रहा है। इस पहल से ग्रामीण महिलाओं में उद्यमिता विकास को मजबूती मिलने और समुदाय-आधारित उद्यमों के विकास में तेजी आने की उम्मीद है। बिहार राज्य भर से लगभग 20 लाख महिलाएँ इस कार्यक्रम की साक्षी बनेंगी।

## राहुल का मोदी सरकार पर बड़ा हमला: 'वोट चोरी पर छोड़ेंगे हाइड्रोजन बम, चेहरा नहीं दिखा पाएंगे पीएम'

**नई दिल्ली (एजेंसी):** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को भाजपा को एक आसन्न खुलासे की चेतावनी देते हुए कहा कि वह जल्द ही वोट चोरी के अपने आरोपों पर एक हाइड्रोजन बम छोड़ेंगे, क्योंकि महादेवपुरा के बारे में जो दिखाया गया वह सिर्फ. एक परमाणु बम था। 'मतदाता अधिकार यात्रा' के अंतिम दिन एक सभा को संबोधित करते हुए, गांधी ने भाजपा पर तीखे हमले करते हुए कहा कि "महात्मा गांधी की हत्या करने वाली ताकतें अब भारत के संविधान को नष्ट करने की कोशिश कर रही हैं।" कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में 16 दिनों तक चलने वाली 'मतदाता अधिकार यात्रा' का उद्देश्य मतदाता अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और कथित "वोट चोरी" और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित अनियमितताओं का विरोध करना है। राहुल गांधी ने पटना में कहा कि जिन ताकतों



ने महात्मा गांधी की हत्या की, वही ताकतें डॉ. बीआर अंबेडकर और महात्मा गांधी के संविधान को नष्ट करने की कोशिश कर रही हैं। हम उन्हें भारत के संविधान को नष्ट नहीं करने देंगे। यात्रा के दौरान हमें बहुत समर्थन मिला। बिहार का हर युवा, बच्चा हमारे साथ खड़ा था... मैं भाजपा के लोगों से कहना चाहता हूं कि, महादेवपुरा में, हमने परमाणु बम दिखाया था, लेकिन जल्द ही हम हाइड्रोजन बम लेकर आएंगे, भाजपा तैयार हो जाओ। राहुल ने साफ तौर पर कहा कि उनकी सच्चाई देश को दिखाई जाएगी। मैं बिहार के लोगों का हमारी मदद करने के लिए आभार व्यक्त करता हूं... मैं आपको गारंटी देता हूं, हाइड्रोजन बम के बाद, नरेंद्र मोदी जी इस देश को अपना चेहरा नहीं दिखा पाएंगे। लोकसभा नेता प्रतिपक्ष ने वोट चोरी को "अधिकारों, आरक्षण, रोजगार, शिक्षा और लोकतंत्र की चोरी" करार दिया। उन्होंने कहा कि हमने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और लोगों को दिखाया। भारत का चुनाव आयोग हमें मतदाता सूची, वीडियोग्राफी नहीं देता... हमने देश के सामने सबूत पेश किए। 'वोट चोरी' का मतलब है हमारे अधिकारों, आरक्षण, रोजगार, शिक्षा और लोकतंत्र की चोरी। वे आपका राशन कार्ड, जमीन छीनकर अडानी और अंबानी को दे देंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा कथित 'वोट चोरी' और भारत के चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं को उजागर करने के लिए राहुल गांधी द्वारा निकाली गई 16 दिवसीय यात्रा आज पटना में समाप्त होगी। यह अभियान 17 अगस्त को शुरू हुआ था, जिसमें राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव सासाराम से एक साथ यात्रा का संचालन कर रहे थे। वहाँ से, रैली 25 जिलों से होते हुए औरंगाबाद, गयाजी, सीवान और अन्य जिलों तक पहुँची।

## जम्मू में बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करने पहुंचे अमित शाह, पीड़ितों को राहत का दिया आश्वासन

**जम्मू (एजेंसी):** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को बाढ़ प्रभावित जम्मू का दौरा किया और कुछ पीड़ितों से मुलाकात कर उन्हें राहत एवं पुनर्वास मुहैया कराए जाने का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने बताया कि शाह के साथ उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला एवं जम्मू-कश्मीर विधानसभा में विपक्ष के नेता सुनील शर्मा भी थे और उन्हें जम्मू के संभागीय आयुक्त रमेश कुमार एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने स्थिति की जानकारी दी। शाह बाढ़ की स्थिति और राहत कार्यों का आकलन करने के लिए रविवार रात जम्मू पहुंचे थे। राजभवन में आगंतुकों से मिलने के बाद वह स्थिति का प्रत्यक्ष जायजा लेने के लिए जम्मू हवाई अड्डे के पास स्थित एवं बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित गांवों में से एक मांगूचक के लिए रवाना हुए। अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत की और उन्हें उचित राहत एवं पुनर्वास मुहैया कराए जाने का आश्वासन दिया। शाह बिक्रम चौक के पास तवी पुल पर रुके और नदी के किनारे हुए नुकसान का निरीक्षण किया। मांगूचक निवासी भान सिंह ने ह्यपीटीआई-भाषा' से कहा, गृह मंत्री मेरे घर आए और राहत का आश्वासन दिया... पिछले सप्ताह आई बाढ़ के बाद मेरे घर में कुछ भी नहीं बचा है।" अधेड़ उम्र के सिंह ने कहा




कि उन्होंने जिंदगी में ऐसी बाढ़ कभी नहीं देखी। एक अन्य निवासी चैन दास ने कहा कि बाढ़ में पूरा गांव डूब गया लेकिन वह भाग्यशाली थे कि वह बच गए। उन्होंने कहा, हमें खुशी है कि गृह मंत्री हमारे घर आए और स्थिति का जायजा लिया।" उन्होंने उम्मीद जताई कि प्राधिकारी पानी निकलवा देंगे और ऐसे कदम उठाएंगे कि बाढ़ दोबारा न आए। उन्होंने आरोप लगाया कि एक गोलाकार सड़क के निर्माण के कारण उनके गांव में बाढ़ आ गई। बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा करने के बाद शाह राजभवन लौट आए जहां उन्होंने एक बैठक

**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को बाढ़ प्रभावित जम्मू का दौरा किया और कुछ पीड़ितों से मुलाकात कर उन्हें राहत एवं पुनर्वास मुहैया कराए जाने का आश्वासन दिया।**

की अध्यक्षता की जिसमें सिन्हा, अब्दुल्ला, शर्मा, पुलिस महानिदेशक और केंद्र एवं केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन के कई अधिकारी शामिल हुए। अधिकारियों ने बताया कि शाह अचानक आई बाढ़ से सीमा सुरक्षा ग्रिड को हुए नुकसान की भी समीक्षा करेंगे। बादल फटने, भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ में 14 अगस्त से किश्तवाड़, कठुआ, रियासी और रामबन जिलों में 130 से अधिक लोग मारे गए हैं और 33 लोग लापता हैं। मृतकों में 34 तीर्थयात्री भी शामिल हैं, जो 26 अगस्त को माता वैष्णो देवी मंदिर जाते समय भूस्खलन की चपेट में आ गए थे। जम्मू और अन्य मैदानी भागों के निचले इलाकों में 26-27 अगस्त को मूसलाधार बारिश के कारण अचानक बाढ़ आ गई थी जिससे बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है। जम्मू-कश्मीर में इस बार मानसून में बारिश का अप्रत्याशित प्रकोप देखने को मिला है। बुधवार सुबह साढ़े आठ बजे तक जम्मू में 24 घंटों में 380 मिमी बारिश दर्ज की गई जो 1910 में वेधशाला की स्थापना के बाद से शहर में दर्ज की गई सबसे अधिक बारिश है। मौसम विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि उधमपुर में इसी 24 घंटे की अवधि में सबसे अधिक 630 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि इससे पहले सबसे अधिक 342 मिमी बारिश दर्ज की गई थी जो 31 जुलाई, 2019 को हुई थी। गृह मंत्री का तीन महीने में जम्मू का यह दूसरा दौरा है। इससे पहले, उन्होंने 29 मई को जिले का दौरा किया था। इससे करीब तीन सप्ताह पहले भारतीय सशस्त्र बलों ने 22 अप्रैल के पहलगाम हमले के प्रतिशोध में सीमा पार आतंकवादी ढांचों पर मिसाइल हमले किए थे।

## संपादकीय

### जापान के साथ अहम संधि

जापान ने भारत में एक दशक में 10 हजार अरब येन (करीब 60 हजार करोड़ रुपये) के निवेश का लक्ष्य रखा है, और दोनों देशों ने महत्त्वपूर्ण खनिजों, रक्षा और प्रौद्योगिकी जैसे कई प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए दस वर्षीय बड़ी रूपरेखा भी तैयार की है। दोनों पक्षों ने 13 प्रमुख समझौतों और दस्तावेज को अंतिम रूप दिया। महत्त्वपूर्ण बात यह है कि जापान ने यह फैसला व्यापार और शुल्क पर अमेरिकी ट्रंप प्रशासन की नीतियों के चलते वैंकि पटल पर मची उथल-पुथल के बीच किया। भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैंकि साझेदारी के विस्तार की घोषणाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके जापानी समकक्ष शिगेरू इशिबा के बीच शिखर वार्ता के बाद की गई। प्रधानमंत्री मोदी दो देशों-जापान और चीन-की अपनी यात्रा के पहले चरण में जापान पहुंचे थे जहां जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के साथ शिखर वार्ता हुई। शिखर वार्ता के उपरांत प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जापान की 'निर्बाध और खुले हिन्द-प्रशांत' की अवधारणा और इस बाबत भारत की सोच में गहरा सामंजस्य है। 'विजन महासागर' और हिन्द-प्रशांत महासागरों की पहल से भारत की सोच मुखर होती है। दोनों देश शांतिपूर्ण, समृद्ध और स्थिर हिन्द-प्रशांत क्षेत्र के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके साथ ही दोनों देशों के हिन्द-प्रशांत क्षेत्र के देशों के साथ मजबूत और व्यापक संबंध भी हैं। इसके चलते दोनों देशों को अपने साझा उद्देश्यों को अभिव्यक्ति देने के लिए हिन्द-प्रशांत देशों में से कुछ के साथ बहुपक्षीय प्रारूपों में संवाद करने में मदद मिलती है। बेशक, भारत और जापान ने अपनी विशेष रणनीतिक और वैंकि साझेदारी में एक नये और सुनहरे अध्याय की मजबूत नींव रखी है। दो प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं और जीवंत लोकतंत्र के रूप में भारत-जापान की साझेदारी न केवल इन दोनों के लिए, बल्कि वैंकि शांति और स्थिरता के लिए भी बहुत महत्त्वपूर्ण है। मौजूदा वैंकि अस्थिरता के बरक्स जापान और भारत का परस्पर सहयोग बढ़ना इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है क्योंकि दोनों के बीच हुए समझौतों से इस तथ्य की तस्दीक होती है कि मजबूत लोकतंत्र बेहतर दुनिया को आकार देने में स्वाभाविक साझेदार होते हैं। प्रधानमंत्री मोदी की इन दो प्रमुख एशियाई देशों की यात्रा ऐसे समय में हुई है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति को लेकर भारत और अमेरिका के संबंधों में अचानक गिरावट आई है। ऐसे में जापान-भारत के बीच साझेदारी का फैसला बेशक, आस्त करने वाला है।

## चिंतन-मनन

### मन की शक्ति

मन को जीवन का केंद्रबिंदु कहना असंभव नहीं है। मनुष्य की क्रियाओं, आचरणों का प्रारंभ मन से ही होता है। मन तरह-तरह के संकल्प, कल्पनाएं करता है। जिस ओर उसका रुझान हो जाता है उसी ओर मनुष्य की सारी गतिविधियां चल पड़ती है। जैसी कल्पना हो उसी के अनुरूप प्रयास-पुरुषार्थ एवं उसी के अनुसार फल सामने आने लगते हैं। मन जिधर रस लेने लगे उसमें लौकिक लाभ या हानि का बहुत महत्व नहीं रह जाता। प्रिय लगने वाले के लिए सब कुछ खो देने और बड़े से बड़े कष्ट सहने को भी मनुष्य सहज ही तैयार हो जाता है। मन यदि अच्छी दिशा में मुड़ जाए; आत्मसुधार, आत्मनिर्माण और आत्मविकास में रुचि लेने लगे तो जीवन में एक चमत्कार हो सकता है। सामान्य श्रेणी का मनुष्य भी महापुरुषों की श्रेणी में आसानी से पहुंच सकता है। सारी कठिनाई मन को अनुपयुक्त दिशा से उपयुक्त दिशा में मोड़ने की ही है। इस समस्या के हल होने पर मनुष्य सच्चे अर्थ में मनुष्य बनता हुआ देवत्व के लक्ष्य तक सुविधापूर्वक पहुंच सकता है। शरीर के प्रति कर्तव्य पालन करने की तरह मन के प्रति भी हमें अपने उत्तरदायित्वों को पूर्ण करना चाहिए। कुविचारों और दुर्भावनाओं से मन गंदा, मलिन और पतित होता है, अपनी सभी विशेषता और श्रेष्ठताओं को खो देता है। इस स्थिति से सतर्क रहने और बचने की आवश्यकता का अनुभव करना हमारा पवित्र कर्तव्य है। मन को सही दिशा देते रहने के लिए स्वाध्याय की वैसी ही आवश्यकता है जैसे शरीर को भोजन देने की। आत्मनिर्माण करने वाली जीवन की समस्याओं को सही ढंग से सुलझाने वाली उत्कृष्ट विचारधारा की पुस्तकें पूरे ध्यान, मनन और चिंतन के साथ पढ़ते रहना ही स्वाध्याय है। यदि सुलझे हुए विचारों के जीवन विद्या के ज्ञाता कोई संभ्रांत सज्जन उपलब्ध हो सकते हों तो उनका सत्संग भी उपयोगी सिद्ध हो सकता है। मन का स्वभाव बालक जैसा होता है, उमंग से भरकर वह कुछ न कुछ करना-बोलना चाहता है। यदि दिशा न दी जाए तो उसकी क्रियाशीलता तोड़-फोड़ एवं गाली-गलौज के रूप में भी सामने आ सकती है। मन में जब सद्विचार भरे रहेंगे तो कुविचार भी कोई दूसरा रास्ता टटोलेंगे। रोटी और पानी जिस प्रकार शरीर की सुरक्षा और परिपुष्टि के लिए आवश्यक हैं उसी प्रकार आत्मिक स्थिरता और प्रगति के लिए सद्विचारों, सद्भावों की प्रचुर मात्रा उपलब्ध होनी ही चाहिए।


## आवश्यकता है

आवश्यकता है दैनिक सब का सपना समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर संवाददाताओं की इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें या व्हाट्सएप करें।

9456884327/8218179552


## भारत-चीन के संबंधों में सुधार का अमेरिका पर असर



सनत जैन



भारत और चीन के बीच संघाई सहयोग संगठन की बैठक के बद रिश्तों में नरमी और संवाद बढ़ रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत के ऊपर, टैरिफ और भारत के संबंधों पर जो दबाव बनाया जा रहा था। उसकी परिणति इसी रूप में होनी थी। डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के सामने कोई विकल्प नहीं छोड़ा था। जिसके कारण चीन के साथ तमाम विरोधों के बावजूद भी भारत को अपने रिश्ते चीन के साथ सुधारने पड़ रहे हैं। भारत कावास्तविक नियंत्रण रेखा पर लंबे समय से चीन के साथ तनाव बना हुआ है। तनाव के बीच संबंधों का सुधारना एक सकारात्मक संकेत माना जा सकता है। सीमा विवाद और गलवान घाटी जैसी घटनाओं ने दोनों देशों के बीच के अविश्वास को बढ़ा दिया था। भारत का चीन के साथ आयात निर्यात का असंतुलन भी दोनों देशों को असंतुलित बनाता है। अब बदली हुई परिस्थितियों में भारत और चीन के बीच की वार्ता से दोनों देश शांति, स्थिरता आर्थिक एवं सामरिक दिशा में आगे बढ़ने की पहल भारत ने अपनी तरफ से पहल कर दी है। चीन इस मामले में ईमानदारी के साथ भारत के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेगा, तो वैश्विक स्तर पर चीन और भारत मिलकर एक नई महाशक्ति के रूप में उभर सकते हैं।

भारत के लिए चीन से संबंध सुधारना, केवल सीमावर्ती तनाव को घटाने के लिए नहीं है। बल्कि यह दोनों देश के विदेश नीति की बहु-आयामी रणनीति का हिस्सा भी बन सकता है। भारत जानता है, चीन वर्तमान में एक बड़ी आर्थिक शक्ति है। चीन की वैश्विक सप्लाई चेन में महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे में सीमित स्तर पर ही सही, आपसी सहयोग, भारत और चीन को आर्थिक और कूटनीतिक लाभ वैश्विक स्तर पर मिल सकता है। इस परिप्रेक्ष्य में एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठता है, क्या भारत-चीन के संबंधों में सुधार का असर भारत-अमेरिका के संबंधों पर किस तरह से पड़ेगा? पिछले एक दशक में भारत और अमेरिका के रिश्ते अभूतपूर्व स्तर के थे। रक्षा, कारोबार, आपसी सहयोग, क्वाड समूह, प्रौद्योगिकी मे साझेदारी और निवेश को लेकर दोनों देशों के बीच गहरे संबंध बने थे। अमेरिका,भारत को एशिया में चीन के प्रभाव को संतुलित करने वाला अहम भागीदार मानता था। दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जब से बने हैं। उसके बाद से ही अमेरिका और भारत के संबंधों में तनाव बनना शुरू हो गया। भारत और चीन के संबंध सामान्य होने पर अमेरिका के लिए एक बड़ी नई चुनौती होगी। अमेरिका, वर्तमान स्थिति में भारत ओर चीन के दबाव को कम करने के लिए नई चुनौतियां भारत और चीन के लिए पैदा करेगा। वर्तमान स्थिति में भारत की नीति स्पष्ट है। वह किसी एक ध्रुव पर झुकने के बजाय बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में अपनी स्वतंत्र भूमिका को बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। भारत अमेरिका से अपने संबंध को बनाए रखते हुए, रूस और चीन के साथ अपने संबंध और संवाद को बेहतर बनाने का प्रयास कर रहा है। अमेरिका को समझना होगा, भारत का चीन से संबंध सुधारना, अमेरिका के साथ संबंध बिगाड़ना नहीं है। बल्कि यह भारत की सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता को सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण प्रयास है। अमेरिका और भारत दोनों के हित संबंध सुधारनेमें हैं, भारत की भूमिका एशिया में आत्मविश्वास और स्वतंत्रता के साथ बनी रहेगी, तभी वैश्विक स्तर पर शांति बनी रह सकती है। चीन को नियंत्रित रखने के लिए भारत का मजबूत होना, विश्व शांति के लिए भी बहुत जरूरी है। भारत-चीन संबंधों में सुधार, भारत की विदेश नीति का संतुलन है। चीन और भारत के बीच सुधारते रिश्ते, अमेरिका- भारत के बीच संबंधों को कमजोर नहीं करेगा। अमेरिका को भारत के संबंध और भी बेहतर बनाने होंगे। भारत एक ऐसा राष्ट्र है, जो अपनी सामरिक एवं आर्थिक क्षमता के कारण अपनी शर्तों पर वैश्विक राजनीति मे अपना प्रभाव बनाने में सक्षम है। भारत हमेशा शांतिप्रिय तरीके से सभी देशों के साथ आर्थिक सामरिक एवं कूटनीति के संबंधों को बनाकर रखता है। भारत की विदेश नीति में विश्व कल्याण की भावना ही सर्वोपरि रहती है ना काहू से दोस्ती ना काहू से बैर रखते हुए भारत हमेशा अपने को निर्विवाद बनाकर रखता है। वर्तमान में वैश्विक स्तर पर जो चुनौतियां उभर कर सामने आ रही हैं। उसमें वैश्विक स्तर में भारत की भूमिका हर दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है। अमेरिका को भारत के साथ बेहतर व्यवहार करने की दिशा में आगे बढ़ना होगा। टैरिफ को लेकर भारत और अमेरिका के बीच संबंधों में जो खटास आई है। अमेरिका को समय रहते भारत के साथ अपने संबंधों को बेहतर बनाने की दिशा में आगे बढ़ना होगा। अमेरिका भारत के साथ गुलामों की तरह व्यवहार नहीं कर सकता है। इस बात को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जितनी जल्दी समझ जाएं, उतना अच्छा होगा। दोनों देशों के साथ-साथ वैश्विक संतुलन बनाए रखने के लिए चीन-भारत और अमेरिका के बीच संबंध सामान्य हों। समय-समय पर जो बदलाव आते हैं, उसके अनुसार रिश्तो में भी बदलाव आता है। इस बात को अमेरिका, चीन और भारत को समझना होगा।

## वित्तीय समावेशन : अतीत, वर्तमान, और भविष्य



अनिल गुप्ता




बहुत समय नहीं बीता जब केवल 35प्र. भारतीयों के पास ही औपचारिक रूप से बैंक खाता हुआ करता था और उनमें से भी महज 8प्र. ही औपचारिक ऋण की सुविधा लेते थे। ग्रामीण भारत की बुजुर्ग राजेश्वरी देवी जैसी अनगिनत महिलाओं को बैंक खाता खुलवाने के लिए संघर्ष करना पड़ता था। कम से कम एक बैंक खाते के साथ वित्तीय समावेशन प्राप्त करना भारत में बड़ी चुनौती रही है।

भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) 28 अगस्त, 2014 को शुरू किए जाने के बाद स्थिति नाटकीय रूप से बदल गई जिसका उद्देश्य सभी नागरिकों को उचित दूरी के भीतर किफायती वित्तीय सेवाएं प्रदान करना था। 2025 तक भारत में बैंक खाता रखने वालों की तादाद बढ़ कर 90प्र. हो गई, जो 2011 के आंकड़े से दोगुने से भी अधिक है और 79प्र. के विश्वव्यापी औसत से बेहतर प्रदर्शन है।

विश्व बैंक ने बताया कि भारत ने छह वर्षों में अपने वित्तीय समावेशन लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया जिसमें अन्यथा 47 साल लगते। पीएमजेडीवाई के तहत 'मेरा खाता, भाग्य विधाता' बैंकिंग सुविधाओं से वंचित आबादी के लिए वित्तीय स्वतंत्रता को सक्षम करने के लक्ष्य को दशार्ता है। जुलाई, 2025 तक 55.98 करोड़ खातों का आधार और 2.62 लाख करोड़ रुपये का लगातार बढ़ता जमा आधार, निम्न और मध्यम आय वर्ग (एलएमआई) को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली में लाने में इस जन आंदोलन की सफलता को दशार्ता है। खास बात यह है कि 66.7प्र. लाभार्थी ग्रामीण या अर्ध-शहरी क्षेत्रों से हैं, जो दूरदराज क्षेत्रों में लोगों तक पहुंचने में पीएमजेडीवाई के व्यापक प्रभाव को रेखांकित करता है। लगभग 55.8प्र. पीएमजेडीवाई खाताधारक महिलाएं हैं, जो बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच में मौजूद लैंगिक अंतर को देखते हुए एक और उपलब्धि है।

जुलाई, 2025 तक प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) के तहत लगभग 23.60 करोड़ लोगों ने कुल मिला कर नामांकन किया था। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) में कुल 51 करोड़ मिलियन नामांकन हुए। 7.6 करोड़ लोगों ने सेवानिवृत्ति कोष बनाने के लिए अटल पेंशन योजना (एपीवाई) योजना में नामांकन किया। मार्च, 2025 तक वित्तविहीन लोगों को वित्त प्रदान करने की पहल के तहत बैंकों ने सूक्ष्म एवं छोटे व्यवसायों को कुल 32.6 लाख करोड़ रु पये के 52 करोड़ ऋण स्वीकृत किए। एमएससी के शोध से पता चलता है कि 67प्र. महिलाओं और 64प्र. पुरुषों ने मुख्य रूप से भविष्य के लिए बचत करने के लिए बैंक खाते खोले। बचत व्यवहार में बदलाव लोगों के लिए उन वित्तीय झटकों का प्रबंधन करने के लिए महत्त्वपूर्ण है जो एलएमआई परिवारों को गरीबी में धकेल देते हैं। पीएमजेडीवाई ने बचत को सक्षम किया, जबकि औपचारिक वित्तीय इतिहास के बिना लोगों को ऋण तक पहुंच प्रदान की। खाताधारक अब बचत पैटर्न दिखा सकते हैं, जो उन्हें वित्तीय संस्थानों से ऋण के लिए पात्र बनाता है। जन धन ने जन समृद्धि के लिए मंच तैयार किया है, जहां उपयोगकर्ता उपयुक्त और किफायती सेवाओं के साथ अपने वित्तीय स्वास्थ्य को बढ़ा सकते हैं। एमएससी का शोध दशार्ता है कि लोग अपने खातों का उपयोग एक या दो सेवाओं के लिए करते हैं। इस प्रकार, हमें प्रासंगिक समाधानों को संशोधित और/या विकसित करके जुड़ाव में सुधार करने के तरीके खोजने होंगे जो अनुरूप समाधान, स्पष्ट संचार, विश्वसनीय शिकायत प्रक्रियाओं और लचीले अंतिम ढांचे के साथ एलएमआई समूह की आकांक्षाओं संबोधित करते हैं।

भारत के फास्ट पेमेंट्स में एक वैश्विक लीडर के रूप में उभरने के कारण हमें डिजिटल अर्थव्यवस्था में अपार अवसरों को अनलॉक करने के लिए अधिक पीएमजेडीवाई खाताधारकों को डिजिटल वित्तीय सेवाओं को अपनाने के लिए प्रयास करना चाहिए। अन्य संबंधित कार्यक्रमों के साथ तालमेल और स्थानीय एजेंसियों के साथ समन्वय, वंचित और हाशिए पर रहने वाले समुदायों के लिए डिजिटल अंतर को पाटने में मदद कर सकता है। सच्चा वित्तीय समावेशन सिर्फ पहुंच से परे है; यह सही उत्पादों और सेवाओं, उच्च सेवा गुणवत्ता सुनिश्चित करने और औपचारिक वित्तीय प्रणाली के साथ सार्थक जुड़ाव को बढ़ावा देने के बारे में है। भारत जैसे विविधतापूर्ण देश के लिए वित्तीय समावेशन की यात्रा कठिन है। पीएमजेडीवाई ने लाखों लोगों विशेष रूप से हाशिए पर रहने वाले समुदायों को बैंकिंग सेवाओं तक पहुंचने और राजेश्वरी देवी जैसे लोगों के लिए अपनी सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में सुधार करने के लिए सशक्त बनाया है, जो कतार में सबसे आखिर में हैं।

(अनिल गुप्ता माइक्रोसेव कंसल्टिंग में पार्टनर हैं, और सहलेखक अभिषेक कटारिया माइक्रोसेव कंसल्टिंग में प्रबंधक हैं। लेख में व्यक्त विचार निजी हैं)

## ट्रंप टैरिफ चुनौती के बीच अर्थव्यवस्था की ताकत बनता कृषि क्षेत्र



ट्रंप के टैरिफ वार के दौरान ही 2025 वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही के जीडीपी के परिणाम इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाते है कि ट्रंप द्वारा हमारी अर्थव्यवस्था को मृत अर्थव्यवस्था करार देने के बावजूद चीन से भी हमारी जीडीपी विकास दर अधिक रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी संगठन एनएसओ द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार जीडीपी 7.8 प्रतिशत रही है। यह पिछले एक साल यानी कि अप्रैल-जून 2024, जुलाई-सितंबर 2024, अक्टूबर-दिसंबर 2024 और जनवरी-मार्च 2025 की तुलना में भी अधिक है। सबसे खासबात यह है कि जीडीपी में बढ़ोतरी का श्रेय कृषि और सर्विस सेक्टर को जा रहा है। कृषि सेक्टर ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि वह अर्थ व्यवस्था का प्रमुख स्तंभ है और तेजी से विकसित होती भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। निश्चित रुप से इसका श्रेय अन्नदाता को तो जाता ही है इसके साथ ही सरकार की किसानोन्मुखी और कृषिनोन्मुखी नीति को भी जाता है। कृषि और संबंध क्षेत्र जिसमें कृषि के साथ ही पशुपालन, वानिकी और मत्स्य पालन शामिल है। एक मोटे अनुमान के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का 14 प्रतिशत योगदान है तो प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रुप से 50 प्रतिशत से अधिक लोगों की आजीविका एग्रीकल्चर सेक्टर पर आज भी निर्भर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के स्वप्न को पूरा करने में कृषि क्षेत्र में भी पीछे नहीं रहने वाला है। देश में करीब 51 प्रतिशत यानी कि 159 मिलियन हैक्टेयर भूमि में खेती हो रही है। इसमें से 50 प्रतिशत से कुछ अधिक भूमि ही सिंचित है जबकि बहुत बड़ा क्षेत्र मानसून की मेहरबानी पर निर्भर है। यह एक सकारात्मकता है कि इस साल अभी तक मानसूनी बरसात औसत से अधिक और अच्छी बरसात हुई है। पिछले सालों में भी मानसून अनुकूल रहने से कृषि उत्पादन में बढ़ोतरी हुई है।

कृषि और अन्नदाता की महत्ता को कोरोना काल ने बेहतर तरीके से समझा दिया है। कोरोना काल में कृषि सेक्टर ने दो तरह से सहभागिता निभाई। एक तो जहां सब कुछ लॉक डाउन की भेंट चढ़ रहा था यहां तक कि घर में कैद होकर रह गए थे तब भी कृषि सेक्टर अपनी प्रभावी भूमिका निभाता रहा वहीं दूसरी और अन्नदाता की मेहनत से देश के गोदामों में भरे खाद्यान्नों के भण्डारों ने देश में खाद्यान्न की उपलब्धता बनाये रखी। आज भी करीब 80 करोड़ देशवासियों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना में मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। यह अपने आप में बड़ी बात है। योजनाबद्ध तरीके से एक और किसानों की आय बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे हैं वहीं खासतौर से दलहन-तिलहन में भी देश को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास जारी है। किसान सम्मान निधि किसानों के लिए बड़ा सहारा बनती जा रही हैं वहीं ब्याजमुक्त कृषि ऋण, केसीसी का बढ़ता दायरा और ई नाम मण्डी, प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा, स्टोरेज सुविधा बढ़ाने के साथ ही समय पर खाद-बीज आदि की उपलब्धता का प्रभाव सामने हैं। एनएसओ की रिपोर्ट के अनुसार कृषि क्षेत्र की जीडीपी में भागीदारी 3.7 प्रतिशत रही है जबकि साल भर पहले यह 1.5 थी। ऐसे में यह अपने आप में आशा का संचार है। निर्यात के क्षेत्र में भी कृषि सेक्टर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। दरअसल अमेरिका और ट्रंप का निशाना हमारा कृषि क्षेत्र और डेयरी क्षेत्र प्रमुखता से हैं। अमेरिका के आगे सरेण्डर होने के स्थान पर हमारी सरकार ने ट्रंप के टैरिफ से निपटने का संकल्प लिया है यह अपने आप में बड़ी बात है। हो सकता है कि आने वाली तिमाही में ट्रंप टैरिफ का असर दिखाई दे पर जिस तरह से सरकार द्वारा वैकल्पिक प्रयास आरंभ किये जा रहे हैं उससे लगता है कि अर्थ व्यवस्था पर नकारात्मक असर नहीं होगा या होगा भी तो देश इससे निपटने को तैयार है। 50 प्रतिशत टैरिफ की चुनौती को आज समूचा देश निपटने को तैयार है। हालांकि ट्रंप ने सोचा था कि हम सरेण्डर कर देंगे, ड़र जाएंगे पर अब गीदड़ भभकी बेअसर होती देखकर ट्रंप की खीज अवश्य बढ़ने लगी है। पर यह नहीं भूलना चाहिए कि ट्रंप को अपने देश में ही अपनी तुगलकी नीति के कारण देर सवेर मुंह की खानी पड़ेगी। हालांकि अमेरिकी कोर्ट ने ट्रंप के टैरिफ निर्णय को अनुचित करार दे दिया है। आने वाले दिनों में इसके प्रभाव अमेरिका में और अधिक दिखाई देंगे क्योंकि हम और हमारी सरकार ट्रंप की चुनौती से निपटने के लिए मानसिक रुप से तैयार हो चुकी है।

खैर यह विषयांतर होगा। कहने का अर्थ है कि यह और आने वाले साल भी खेती-किसानी के लिए सकारात्मक ही होंगी। रबी के अच्छे परिणाम आये हैं। चालू खरीफ में अच्छे मानसून के चलते अच्छी बुवाई हुई है। बुवाई क्षेत्र बढ़ा है। सरकार भी बड़े लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है। हालांकि यह कटु सत्य है कि ग्रामीण रहवासियों की आजीविका का प्रमुख माध्यम खेती ही है तो समूचे देश की खाद्य सुरक्षा की जिम्मेदारी भी इसी क्षेत्र के पास है। अमेरिकी नीति के कारण निर्यात पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को भी अन्य देशों को निर्यात बढ़ाकर पूर्ति करने की बड़ी चुनौती है। इसके साथ ही खेती किसानी की अपनी चुनौतियां बरकरार है। आज भी कुल कृषि उत्पादन का 10 से 15 प्रतिशत उत्पादन फसलोत्तर सुविधाओं की कमी के कारण बर्बाद हो जाता है। कृषि जोत कम होती जा रही है। बढ़ते शहरीकरण का प्रभाव भी पड़ रहा है। कृषि क्षेत्र में कोल्ड स्टोरेज, परिवहन की कोल्ड चेन और भण्डारण की बेहतर व्यवस्थाओं की दरकार है। कृषि प्रसंस्करण क्षेत्र और फूड पार्क जिस तरह से आकार लेने चाहिए थे वे ले नहीं पाये है। बीमा क्षेत्र में भी बहुत किया जाना अपेक्षित है तो कृषि उपज की खरीद व्यवस्था और एमएसपी खरीद को लेकर भी तेजी से काम किया जाना है। सरकार को एक बात समझनी चाहिए कि खेती क्षेत्र में जो भी सब्सिडी देय है उसे उत्पादकता से जोड़ा जाये यथा कृषि इनपुट या यों कहे कि खाद-बीज, कीटनाशक आदि के किट के रुप में उपलब्ध कराया जाये तो उसका लाभ अनुदानित राशि के स्थान पर इनपुट मिलने से उसका उपयोग खेती किसानी में ही होने से उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने में ही होगा। इसी तरह से खरीद व्यवस्था में बहुत सुधार के बावजूद अभी भी बहुत करते हुए बिचौलियों को व्यवस्था से दूर करना होगा। खैर यह सब दीर्घकालीन सुधार कार्य है पर बेहतर जीडीपी प्रदर्शन और कृषि क्षेत्र की उल्लेखनीय हिस्सेदारी को प्रोत्साहित करते हुए सराहना की जानी चाहिए।

# कंपोजिट विद्यालय मोहम्मदाबाद में डीएम ने किया पोषण संचेतना अभियान का शुभारंभ

## जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन और वेंक्टेश्वरा यूनिवर्सिटी के सहयोग से दो सौ सरकारी स्कूलों में चलेंगे कार्यक्रम





**गजरौला/अमरोहा (सब का सपना):-** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि प्रोटीन युक्त खाद्य वस्तुओं का सेवन करने से बीमारी पास नहीं फटकेगी। उन्होंने जंक फूड से बचने और आहार में मोटे अनाज का उपयोग करने का आह्वान किया। साथ ही पेयजल और हैंडवाश आदि पर ध्यान देकर स्वस्थ रहने के टिप्स दिए। उन्होंने इस कार्य में सहयोग के लिए जुबिलेंट प्रबंधन की भी प्रशंसा की। बता दें कि गजरौला ब्लॉक के गांव मोहम्मदाबाद स्थित कंपोजिट विद्यालय में जुबिलेंट भारतीय फाउंडेशन एवं श्री वेंकटेश्वरा यूनिवर्सिटी के सहयोग से पोषण संचेतना अभियान का शुभारंभ डीएम निधि गुप्ता वत्स ने जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित, जेबीएफ में मेडिकल हेड डा. सुजिंदर फोगाट एवं प्रधानाध्यापक संजीव कुमार के संग दीप प्रज्जवलित करके किया। एक माह तक चलने वाले इस कार्यक्रम के तहत दो सौ सरकारी स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथि वंदना से हुई। इसके बाद स्कूल के नन्हें-मुन्ने 12 बच्चों ने विभिन्न प्रोटीन्स एवं बीमारियों का नाम लिखकर इनसे होने वाले फायदे और नुकसान के संबंध में बताया। इसके उपरांत बच्चों ने हेल्दी और अनहेल्दी खाद्य पदार्थों के बारे में समझाया। जंक फूड से होने वाली बीमारी को लेकर नाटिका के माध्यम से जागरूक किया गया। बच्चों की प्रस्तुतियां देख डीएम काफी प्रफुल्लित नजर आईं और उनके साथ ही उन्हें तैयार करने वाली शिक्षिकाओं की भी प्रशंसा की। छात्राओं द्वारा तैयार की गई रंगोली का भी अवलोकन किया। अपने संबोधन में डीएम निधि गुप्ता वत्स ने पेयजल और हैंडवाश पर विशेष ध्यान देने को कहा। जंकफूड से दूरी बनाने की भी नसीहत दी। कहा कि जब प्रत्येक गांव का बच्चा स्वस्थ होगा तभी स्वस्थ भारत की कल्पना की जा सकती है। सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र ने कहा कि जागरूकता से ही पोषण संचेतना अभियान को सफल बनाया जा सकता है। स्कूली बच्चे इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। बीएसए मोनिका चौधरी ने कहा कि पोषक तत्वों से शरीर पूरी तरह स्वस्थ रहता है और बौद्धिक विकास भी होता है। अंत में बच्चों को उपहार स्वरूप इंटोर प्लांट के गमले भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में एबीएसए आरती गुप्ता, बीडीओ प्रतिभा अग्रवाल आदि के साथ ही मुंशी लाल, धर्मेंद्र कुमार, गिरीश मोहन, जितेंद्र कुमार, स्वदान सिंह, नीतू रानी, वंदना उपाध्याय, अंजू सिंह, मंजू, राधा रानी, पूनम गर्ग आदि भी मौजूद रहे।

**बारिश बनी बाधा, फिर भी समय पर पहुंचीं डीएम**

सोमवार को सुबह से ही तेज बारिश हो रही थी। हालांकि गांव मोहम्मदाबाद में स्थित कंपोजिट विद्यालय में इस कार्यक्रम के लिए विशाल टैंट लगाया गया था लेकिन बारिश के कारण स्कूल परिसर में काफी पानी भर गया। बताते हैं कि कार्यक्रम में आमंत्रित अधिकारियों को यही लगा कि बारिश के कारण इसे निरस्त कर दिया जाएगा लेकिन इसी बीच पता चला कि डीएम मैडम अमरोहा से निकलने वाली हैं। इसके बाद आनन-फानन में अधिकारियों ने यहां के लिए कूच किया। खास बात यह रही कि बारिश भी डीएम की समयबद्धता को नहीं डिगा सकी और उन्होंने यहां आकर सभी का मनोबल बढ़ाया। इतना ही नहीं डीएम बच्चों की प्रस्तुतियों से भी काफी प्रभावित नजर आईं और कई-कई बार उनके साथ फोटो शूट कराए। इसके साथ ही ताली बजाकर कई बार उनका उत्साहवर्धन भी किया। कार्यक्रमों की समाप्ति तक डीएम ने अपना पूरा समय यहीं दिया। डीएम निधि गुप्ता की यह सादगी वहां मौजूद लोगों और छात्र-छात्राओं में चर्चा का विषय रही।

# आम जनमानस को पुलिस का सहयोग करने की जरूरत

### मोटरसाइकिल से पटाखे फोड़ने वालों पर होनी चाहिए कार्यवाही



**हसनपुर/अमरोहा (सब का सपना) जावेद चौधरी:-** युवा पीढ़ी द्वारा गली मोहल्ला में चौराहों पर बाइक से पटाखे फोड़ना और साइलेंसर से खतरनाक ध्वनि उत्पन्न करना आदि लगातार सुनने को और देखने को मिल रहा है। जिससे कि आम जनता पर इसका बहुत खराब प्रभाव पढ़ता जा रहा है। कोई भी मोटरसाइकिल चालक जब मोटरसाइकिल के साइलेंसर से अजीब अजीब तरह की ध्वनि निकालता है, और पटाखों कि आवाज उत्पन्न करता है, तो यह खतरनाक ध्वनि सीधा दिल पर जाकर लगती है। जिससे कि बच्चे, बूढ़े सभी पर इसका परिणाम देखने को मिल रहा है और लोगों के दिलों पर इसका खतरनाक प्रभाव पड़ता जा रहा है। कुछ लोग जो अपनी आवाज उठाते हैं तो बात पुलिस प्रशासन तक चली जाती है हालांकि जब मामला पुलिस प्रशासन तक पहुंचता है तो पुलिस प्रशासन कार्यवाही भी करता है लेकिन वहीं दूसरी तरफ कुछ शरारती तक लगातार मोटरसाइकिल से पटाखे फोड़े का कार्य करते हैं जिसकी वजह से आमजन मानस में खूब भी उत्पन्न होता है इसीलिए जनमानस को भी ऐसे लोगों पर कार्यवाही करवाने के लिए पुलिस प्रशासन के सहयोग करने की आवश्यकता है ताकि ध्वनि प्रदूषण से बचा जा सके।

# दूसरी पारी में भी बांटे गए सर्टिफिकेट, बच्चों में दिखा उत्साह






**हसनपुर/अमरोहा (सब का सपना) जावेद चौधरी:-** चौधरी टी.आर मेमोरियल पब्लिक स्कूल में पंजाब नेशनल बैंक इंश्योरेंस कंपनी द्वारा आयोजित प्रतियोगिता के प्रस्तुति पत्र का वितरण समारोह किया गया। जिसमें दोपहर लंच के बाद भी सर्टिफिकेट बांटे गए। इस दौरान लगभग 30 छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। प्रथम प्राइज मिस्बाह को दिया गया। सभी बच्चे पुरस्कार पाकर प्रसन्न दिखाई दिए। विद्यालय की प्रबंधिका इंद्रेश देवी ने सभी बच्चों को पुरस्कार वितरण किये। प्रधानाचार्य नरेंद्र पाठक ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं को करने से बच्चों में आत्मविश्वास पैदा होता है। और बच्चों में अपनी भविष्य को लेकर कुछ करने की उमंगे पैदा होती है। यही कारण है कि आए दिन कुछ ना

कुछ प्रतियोगिताओं के द्वारा बच्चों का मनोरंजन भी हो जाता है। और उनमें अपने ऊपर भरोसा भी पैदा होता है।इस अवसर पर स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# डीएम की अध्यक्षता में पीईटी परीक्षा की तैयारियों के संबंध में हुई बैठक




**अमरोहा (सब का सपना):-** जिले की जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 06 एवं 07 सितंबर को आयोजित होने वाली प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा पीईटी 2025 परीक्षा की तैयारियों के संबंध में बैठक हुई। जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि सभी सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट, संबधित अधिकारी, केन्द्र व्यवस्थापक परीक्षा के सफल संचालन एवं परीक्षा को शान्तिपूर्वक, निष्पक्षता एवं शुचितापूर्ण सम्पन्न कराने के लिए लगन से सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा को पूरी पारदर्शिता के साथ नकलविहीन संपन्न करायी जाये। इसकी संवेदनशीलता, शुचिता एवं पारदर्शिता किसी भी स्तर पर भंग न हो, यदि कोई भंग करने का प्रयास करेगा तो उसके विरूद्ध कडी कार्यवाही की जाएगी। निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि जनपद में काफी संख्या में अभ्यर्थियों का मूवमेंट होगा। किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसलिये परिवहन विभाग के अधिकारी समय रहते आवश्यक व्यवस्था कर लें। उन्होंने परीक्षा में महिला अभ्यर्थी भी शामिल होंगी, उनकी सुरक्षा के लिये विशेष प्रबंध किये जाने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि अभ्यर्थियों के साथ मधुर व्यवहार किया जाए एवं उनके बैग इत्यादि रखवाने की उचित व्यवस्था की जाए। सभी केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए कि कक्ष निरीक्षकों की अच्छे तरीके से ट्रेनिंग दी जाए। जिलाधिकारी ने सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करना सुनिश्चित करें ताकि कोई भी कमी ना रहे। इसके साथ ही कि परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी, विद्युत व्यवस्था एवं सुरक्षा, पेयजल, साफ सफाई, शौचालय एवं आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था भी सुनिश्चित कर लें। उन्होने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा के दिन परीक्षा केन्द्रों पर निर्धारित समय से अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर आयोग के अनुदेशों के अनुरूप परीक्षा के दिन समस्त अपेक्षित कार्यवाही समय पर सम्पादित करेंगे। अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया ने बताया कि समस्त परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगा दी गई है। अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए यातायात प्रबंधन की समुचित व्यवस्था की गई है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व परीक्षा की नोडल अधिकारी गरिमा सिंह ने बताया कि प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा जनपद में 14 परीक्षा केंद्रों पर संपादित होगी जिसमें 25344 अभ्यर्थी शामिल होंगे। प्रत्येक पाली में 6336 सम्मिलित अभ्यर्थी होंगे। परीक्षा दो पालियों में पूर्वान्ह 10 से 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 03 बजे से 05 बजे तक होगी। ए०एस०एम० मॉडर्न एकेडमी ग्राम खाता पोस्ट पपसरा, ए०के०के०इण्टर कालेज बिजनौर रोड, भगवत सरन इण्टर कालेज, दिल्ली रोड, जोया, दिल्ली पब्लिक स्कूल, निकट आरटीओ, अतरासी रोड, राजकीय बालिका इण्टर कालेज, टी०पी० नगर, चौराहा, राजकीय इण्टर कालेज, निकट गांधी मूर्ति, रेलवे स्टेशन रोड, हिल्टन कॉन्वेंट स्कूल, जोया रोड, आई०एम० इण्टर कालेज, आजाद रोड, निकट आर्य समाज मंदिर, जे०एस०हिन्दू इण्टर कालेज, स्टेशन रोड, जे.एस. हिन्दू महाविद्यालय ब्लॉक-ए. आजाद रोड, निकट अम्बेडकर पार्क, जे.एस. हिन्दू महाविद्यालय ब्लॉक-बी. आजाद रोड, निकट अम्बेडकर पार्क, कुन्दन मॉडल इन्टर कालेज, निकट टी०पी० नगर चौराहा, लिटिल स्कॉलर्स एकेडमी, जोया-अमरोहा रोड और सिख इण्टर कालेज, ग्राम नारंगपुर जोया एनएच-24 को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इस अवसर पर समस्त उपजिलाधिकारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी अशोक राव गौतम, पीडी डीआरडीए अम्बरीष कुमार, सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट और केन्द्र व्यवस्थापक सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# ओपीएस इंटरनेशनल स्कूल में गणेश उत्सव के छठे दिन की भव्य आरती



**गजरौला/अमरोहा (सब का सपना) जावेद चौधरी:-** ओपीएस इंटरनेशनल स्कूल में चल रहे गणेश उत्सव के छठे दिन सोमवार को भक्तिमय वातावरण और आध्यात्मिक उल्लास से सराबोर रहा। विद्यालय परिसर में गणपति बप्पा की विशेष आरती का आयोजन किया गया। जिसमें विशेष रूप से महिला अग्रवाल सभा की पदाधिकारिणियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस दौरान महिला अग्रवाल सभा की अध्यक्ष विनीता गर्ग के नेतृत्व में खुशबू गोयल (उपाध्यक्ष), ऋषिवाला अग्रवाल,रचना सिंघल (सह सचिव), गीता गोयल (उपप्रबंधक), ऋतिका अग्रवाल (सह सचिव) तथा अलका शर्मा, निधि सिंघल ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति और सहभागिता से कार्यक्रम को विशेष बना दिया। छात्र-छात्राओं और शिक्षकों की उपस्थिति में महिलाओं ने भक्ति रस से परिपूर्ण कीर्तन प्रस्तुत किया। भजनों और मंगल गीतों ने पूरे विद्यालय वातावरण को भक्तिमय बना दिया। संकीर्तन के बाद महिलाओं द्वारा विशेष महिला आरती सम्पन्न की गई, जो इस दिन के आयोजन का मुख्य आकर्षण रही। गणपति बप्पा की विशेष आरती महिलाओं द्वारा सामूहिक रूप से की गई। पारंपरिक दीपों और आरती गीतों से सुसज्जित इस आरती ने सभी उपस्थित जनों को भाव-विभोर कर दिया। यह दृश्य विद्यालय के विद्यार्थियों और अतिथियों के लिए अविस्मरणीय अनुभव रहा। आरती के उपरांत सभी छात्रों, शिक्षकों एवं आगंतुकों को प्रसाद वितरित किया गया। प्रसाद वितरण का कार्य विद्यालय की सचिव एवं शैक्षणिक निदेशक डॉ. पूनम पंडित ने स्वयं किया और सभी को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर विद्यालय सचिव डॉ. पराग पंडित ने गणपति बप्पा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ह्लगणेश जी केवल विघ्नहर्ता ही नहीं बल्कि वे बुद्धि, विवेक और समृद्धि के दाता हैं। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को गणपति बप्पा से प्रेरणा लेनी चाहिए और जीवन में सदैव ज्ञान व सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने आगे सभी अतिथियों, महिला अग्रवाल सभा की पदाधिकारियों, अध्यापकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में भक्ति, एकता और संस्कार की भावना को और प्रगाढ़ करते हैं। कार्यक्रम का समापन उत्साह और आध्यात्मिक ऊर्जा से हुआ। छठे दिन की यह भव्य आरती न केवल विद्यालय परिवार के लिए, बल्कि गजरौला नगर के लिए भी एक यादगार क्षण बन गई।

# नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान के अंतर्गत चलाया गया जागरुकता अभियान



**अमरोहा (सब का सपना):-** सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा जनपद में नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान के सम्बन्ध में जागरुकता अभियान चलाया गया । इस विशेष अभियान के तहत यातायात पुलिस टीमों ने जनपद के विभिन्न पेट्रोल पंपों का भ्रमण कर वाहन चालकों और पंप कर्मियों को यातायात नियमों के पालन के संबंध में जागरूक किया। अभियान के दौरान यातायात पुलिस ने पेट्रोल पंप प्रबंधकों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बिना हेलमेट लगाए किसी भी वाहन चालक को पेट्रोल दिया जाए। इसका मुख्य उद्देश्य वाहन चालकों में हेलमेट पहनने की आदत विकसित करना और सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को रोकना है। पुलिस टीमों ने मौके पर ही वाहन चालकों से संवाद स्थापित कर उन्हें समझाया कि हेलमेट न पहनने पर सड़क हादसों में सिर की चोटें गंभीर हो जाती हैं और अक्सर जीवन भी संकट में पड़ जाता है। इसी कारण हेलमेट पहनना न सिर्फ कानूनन आवश्यक है, बल्कि व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए भी अनिवार्य है। अभियान के दौरान कई वाहन चालकों को बिना हेलमेट पाए जाने पर मौके पर ही जागरूक किया गया। साथ ही पंप कर्मचारियों को यह भी प्रेरित किया गया कि वे ऐसे लोगों को न केवल पेट्रोल देने से मना करें बल्कि सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में उन्हें अवश्य समझाएँ।

# लगातार हो रही बारिश से आमजन परेशान, सड़कों पर जलभराव, धान की फसलें गिरीं





**धनौरा/अमरोहा (सब का सपना) काविंद्र सिंह:-** दो दिन से हुयी मूसलाधार बारिश ने आमजन के लिये परेशानी खड़ी कर दी है। मौसम के करवट बदलते ही आसमान में काली घटा छायी हुयी है। तेज हवाओ के साथ मूसलाधार बारिश हो रही है। दो दिन से लगातार मूसलाधार बारिश ने आसपास के इलाकों में आमजन के जीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। जनपद के गजरोला, हसनपुर, नौगांवा सादात, धनौरा, आदि शहरों में सड़क पर जलभराव की स्थिति बनी है। जिसके कारण आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। वहीं अगर किसानो की फसलों की बात करें तो तेज हवा और मूसलाधार बारिश ने धान और उड़द की फसल को काफी नुकसान पहुंचाया है,लगातार हो रही बारिश ने किसानों के चहरे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं फसल में हुये नुकसान से किसान काफी परेशान है। स्थानीय प्रशासन जलभराव की समस्या से निपटने में जुटा हुआ है। साथ ही प्रशासन ने जनमानस से सतर्क रहने की अपील की है।

# गजरौला में रिटायर्ड फौजी के बेटे ने फांसी के फंदे पर लटक कर दी जान

## पंखे से लटका मिला शव , पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा





**गजरौला/अमरोहा (सब का सपना):-** नगर कोतवाली क्षेत्र में एक काफी दुखद भरी घटना सामने आयी है। सोमवार को सुबह के समय करीब 11 बजे एक युवक ने पंखे से लटककर आत्महत्या कर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। युवक की मौत से परिवार वालों का रो रोकर बुरा हाल है बता दें कि गजरौला नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शांति नगर में चामुंडा मंदिर के पास स्वर्गीय ओमदत्त त्यागी का 28 वर्षीय बेटा शिवम त्यागी रहता है। मृतक शिवम त्यागी के चचेरे भाई अनमोल ने जानकारी देते हुए बताया कि उसने सोमवार को सुबह के समय शिवम को कई बार फोन किये लेकिन उसका फोन नहीं उठा। जब वह पड़ोसी की छत के रास्ते से शिवम के घर पर गया और झांक कर देखा तो वह रस्सी से फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। अनमोल ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी, सूचना पर पहुंची पुलिस ने मकान का दरवाजा तोड़कर शव को फंदे नीचे उतारा और कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। वहीं फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंच कर साक्ष्य एकत्रित किये हैं। पुलिस को शिवम के पास से तीन मोबाइल फोन मिले हैं। गजरौला इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने अनुसार शिवम के परिवार में शिवम सहित पांच लोग थे। जिनमें शिवम के माता पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। जबकि दो बहनों की शादी हो चुकी है। शिवम गजरौला में अपने मकान पर अकेले ही रहता था। गजरौला नगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत इन 24 घंटों में आत्महत्या का यह दूसरा मामला सामने आया है रविवार को भी नगर के मोहल्ला सुल्ताननगर निवासी एक महिला ने अपने पति से नाराज होकर सुसाइड कर लिया था।

# बहजोई के आकिब अल्वी को समाज में एकता का संदेश देने पर प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित







**बहजोई/संभल(सब का सपना) अफसर अली:-** समाज में आपसी एकता और भाईचारे का संदेश लोगों तक पहुँचाने के लिए भारत की वर्क चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित मोटिवेशनल स्पीच कार्यक्रम में मुरादाबाद मंडल और बरेली जोन से उभरते हुए युवा आकिब अल्वी पुत्र रईस अल्वी वरिष्ठ पत्रकार बहजोई संभल ने बेहतरीन प्रदर्शन कर सबका दिल जीत लिया। उनकी प्रेरणादायक स्पीच पर उन्हें बेस्ट परफॉर्मेंस का प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह आयोजन ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्लामा सैयद अब्दुल्ला तरीक के आह्वान पर किया गया, जिनका उद्देश्य समाज में हिंदू-मुस्लिम एकता, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का संदेश फैलाना था। कार्यक्रम में मौजूद लोगों के सामने आकिब अल्वी ने कहा कि भारत की असली ताकत इसकी गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी मोहब्बत में है। अगर समाज के हर तबके का व्यक्ति एक-दूसरे के धर्म, संस्कृति और विचारों का सम्मान करे, तो न केवल देश में शांति कायम होगी बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक मजबूत नींव तैयार होगी। उन्होंने अपने उद्बोधन में यह भी बताया कि आज के समय में सबसे बड़ी जरूरत यह है कि नफरत से ऊपर उठकर मोहब्बत और इंसानियत को प्राथमिकता दी जाए। युवाओं को उन्होंने प्रेरित करते हुए कहा कि वे सोशल मीडिया और अपने दैनिक जीवन में एकता और भाईचारे का संदेश फैलाएँ, ताकि हर जगह सकारात्मक माहौल बन सके। आकिब अल्वी की इस सोच और प्रभावी वक्तव्य से कार्यक्रम स्थल पर मौजूद दर्शक काफी प्रभावित हुए। वर्क चैरिटेबल ट्रस्ट ने उनकी सराहना करते हुए उन्हें प्रशंसा पत्र और सम्मान से नवाजा। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे युवाओं की जरूरत समाज को हमेशा रहती है, जो अपने विचारों और कर्मों से लोगों को जोड़ने का काम करें।

# बकरी चोरी मामले में दो आरोपी पुलिस की हिरासत में



**कुढ़फतेहगढ़/संभल(सब का सपना):-** थाना कुढ़फतेहगढ़ पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है दोनों पर बकरी चोरी करने का आरोप है। जनपद के थाना कुलफतेहगढ़ क्षेत्र के गांव दियोरा खास निवासी पीड़ित बुद्धसेन पुत्र स्वर्गीय दुली सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया था। मेरी बकरी चोरी कर ली गई है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच शुरू की और जांच में बकरी चोरी की बात साबित हुई। पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश शुरू की जिसमें 1 सितंबर को दो आरोपी चंद्र प्रकाश पुत्र श्यौराज निवासी ग्राम रतनपुर थाना कुढ़ फतेहगढ़,शाहनवाज पुत्र दिलशाद मुच्छड़ निवासी मोहल्ला लक्ष्मण गंज थाना चंदौसी को चोरी की गई बकरी व एक (मोटरसाइकिल सहित घटना में प्रयुक्त) विचैटा चौराहे से पहले बने सीमेंट के गोदाम के पास से पुलिस टीम उप निरीक्षक रघुराज सिंह, उप निरीक्षक दीपक कुमार,हेड कांस्टेबल रिजवान अली, कांस्टेबल राहुल कुमार द्वारा गिरफ्तार किया गया है गिरफ्तार आरोपीयों पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

# पुलिसकर्मी की बाइक फिसल कर नाले में गिरी मौके पर हुई मौत





**चंदौसी/संभल(सब का सपना):-** थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा हो गया जिसमें एक पुलिस कर्मी की बाइक फिसल कर नाले में गिर गई जिससे पुलिस कर्मी की मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। एस पी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद संभल के थाना चंदौसी क्षेत्र में एक पुलिस कांस्टेबल रजनीश कुमार जो मेला गणेश चौथ के मौके पर चंदौसी में मुंशी के तौर पर तैनात थे सोमवार सुबह दस बजे अपनी ड्यूटी पर आ रहे थे।अधिक जल भराव की वजह से उनकी बाइक फिसल कर नाले में जा गिरी नाले की लंबाई चौड़ाई अधिक लगभग 25 मीटर होने के कारण तथा अधिक जलमग्न होने की वजह से बाहर न निकल सके मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद उनको बाहर निकाला गया लेकिन जब तक उनकी मौत हो चुकी थी । इस घटना से पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई पुलिस ने शब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम के बाद उन्हें राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी जाएगी।

# रायसत्ती में जात के लिए आई चार साल मासूम बच्ची नाले में गिरी, अस्पताल में तोड़ा दम



**संभल।** रायसत्ती थाना क्षेत्र में शहर से सटे गांव निवासी एक ग्रामीण परिवार के साथ पास में रायसत्ती माता के थान पर जात लगाने के लिए आए थे। जहां से वापस जाते समय उनकी चार साल की बच्ची थान के पास स्थित नाले में गिर गई। शोर मचाने पर आसपास लोग एकत्र हो गए और जैसै तैसे बच्ची को बाहर निकालकर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार व थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। मातापिता के साथ जात लगाने आई थी मासूम थाना क्षेत्र में गांव बढ़ई वाली बस्ती निवासी राधेश सैनी सोमवार की सुबह को पत्नी जूली व तीनों बच्चों के साथ जात लगाने के लिए पास में ही स्थित रायसत्ती माता के थान पर जात लगाने के लिए आए थे। जहां पूजा अर्चना और प्रसाद चढ़ाने के बाद वापस घर की ओर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि बारिश के कारण वह बच्चों के साथ ही थे। जहां मंदिर से जाते समय अचानक से उनकी चार साल की मासूम बेटी अर्चना मंदिर के पास सड़क किनारे स्थित नाले में गिर गई। बेटी को अचानक नाले में गिरता देख स्वजन की चीख निकल गई। उन्होंने शोर मचाया तो आसपास के लोग भी एकत्र हो गए। रायसत्ती थाना क्षेत्र का का मामला तत्काल बच्ची को नाले से बाहर निकालकर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। बच्ची की मौत की खबर से स्वजन में खलबली मच गई। इसी बीच हादसे की सूचना पर थाना पुलिस के साथ नायब तहसीलदार अरविंद सिंह भी मौके पर पहुंच गए।

# जनपद में निमार्णाधीन पुलिस लाइन का किया गया निरीक्षण

## कार्यदाई संस्था को दिए निर्देश, निर्माण की जाने वाली सामग्री में गुणवत्ता पर दे ध्यान

**हापुड़ (सब का सपना):-** जनपद के नोडल अधिकारी अजय चौहान, प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग एवं विशेष सचिव द्वारा जनपद में भ्रमण के दौरान नए पुलिस लाइन के हो रहें निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने निर्माण कार्य में प्रयोग किए जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता की भी जानकारी ली। नोडल अधिकारी द्वारा कार्यदाई संस्था को निर्देश दिए गए कि कार्य को समय सीमा के अंतर्गत पूर्ण करते हुए संबंधित विभाग को जल्द से जल्द हस्तांतरित करना सुनिश्चित करें। इसके उपरांत प्रमुख सचिव द्वारा संबंधित अधिकारियों के साथ जनपद में पुलिस विभाग के चल रहें निर्माण कार्य की समीक्षा बैठक भी की गई। भ्रमण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम, अपर पुलिस अधीक्षक सहित संबंधित अधिकारी व कार्यदाई संस्था के अधिकारी उपस्थित रहें।



# प्रेमिका के स्वजन ने युवक को पीटा, फिर भिड़े दोनों पक्ष... 8 महीने बाद लौटा प्रेमी तो गांव में हुआ बवाल



**अमरोहा।** प्रेमी युगल के पकड़े जाने के बाद डेढ़ साल पहले प्रेमिका के नाबालिग होने के बाद भी पंचायत में दोनों का निकाह करा दिया गया था। परंतु सालभर पहले दोनों घर से फरार हो गए थे। प्रेमिका के पिता की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने प्रेमी को जेल भेज दिया था। अब प्रेमी के घर लौटने पर फिर से तनाव बन गया। दोनों पक्षों में मारपीट व पथराव की घटना में सात लोग घायल हो गए। पुलिस ने मामला शांत कराया। प्रेमिका के स्वजन ने प्रेमी को पीटा, फिर भिड़े दोनों पक्ष मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। यहां रहने वाले युवक का प्रेम प्रसंग गांव की ही एक किशोरी से चल रहा था। डेढ़ साल पहले स्वजन ने दोनों को पकड़ लिया था। लिहाजा गांव में पंचायत बैठी तथा प्रेमिका के नाबालिग होने के बाद भी दोनों का निकाह करा दिया था। तय हुआ था कि बालिग होने पर प्रेमिका को ससुराल रुखसत कर दिया जाएगा। लेकिन लगभग आठ महीना पहले दोनों घर से फरार हो गए थे। जिस पर प्रेमिका के पिता ने प्रेमी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करा दी थी। पुलिस ने दोनों को बरामद कर प्रेमी को जेल तो प्रेमिका को नारी निकेतन भेज दिया था। मारपीट व पथराव में सात लोग घायल, 11 नामजद 15 अज्ञात पर प्राथमिकी प्रेमी तो जमानत पर जेल से बाहर आ गया था, लेकिन प्रेमिका अभी नारी निकेतन में ही है। जमानत पर छूटने के बाद प्रेमी मजदूरी करने पंजाब चला गया था। शनिवार को ही वह घर वापस लौटा है। उसके वापस लौटने पर गांव में तनाव बन गया। रविवार को प्रेमिका के स्वजन ने प्रेमी को घेर पर पीट दिया। जानकारी मिलने पर दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए। जमकर मारपीट हुई तथा पथराव किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया था। इस घटना में प्रेमी समेत सात लोग घायल हुए थे। प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने बताया कि इस मामले में दोनों पक्ष के 11 लोगों को नामजद किया गया है। साथ ही 15 अज्ञात पर भी प्राथमिकी दर्ज कराई है। मामले की जांच की जा रही है।

# 3 दिसंबर को मनाया जाएगा व्यापार मंडल का स्थापना दिवस

**चंदौसी/सम्भल (हनी चन्द्रा) सब का सपनाः-** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक कैंप रोड जवाहर रोड पर संपन्न हुई। जिसमें आगामी 3 सितंबर को संगठन के स्थापना दिवस को लेकर चर्चा हुई जिला अध्यक्ष प्रेम ग्रोवर ने कहा की अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का 29 व स्थापना दिवस पूरे भारतवर्ष में संगठन द्वारा मनाया जाएगा। जिसमें व्यापारियों को सम्मानित भी किया जाएगा। प्रदेश मंत्री शाह आलम मंसूरी ने कहा अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के 29 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे प्रदेश देश में भव्यता के साथ स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इसको लेकर रणनीति बनाई गई व कार्यकर्ता और संगठन के पदाधिकारी के ऊपर जिम्मेदारी सौंप जाएगी जिला संगठन मंत्री उमेश वार्ष्णेय ने स्थापना दिवस को लेकर नए व्यापारियों को सम्मानित करने की बात कही बैठक में मुख्य रूप से प्रेम ग्रोवर, शाह अलम मंसूरी, उमेश वार्ष्णेय, अजीत सिंह, लव कुमार आदि व्यापारी मौजूद रहे

# आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत शांति समिति की बैठक का किया गया आयोजन





**बहजोई/संभल (सब का सपना):-** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई की अध्यक्षता में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा द्वारा बैठक के प्रमुख बिन्दुओं से अवगत कराया और उन्होंने बताया कि 5 सितम्बर को ईद मिलाद उन नवी मनाया जाएगा एवं 6 सितम्बर को अनंत चतुर्दशी मनाया जाएगा जिसमें भगवान गणेश जी की प्रतिमा का विसर्जन एवं नवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई भी नयी परम्परा नहीं डाली जाएगी। गणेश प्रतिमा विसर्जन के अन्तर्गत कोई भी प्रतिमा सीधे नदी में विसर्जित नहीं की जाएगी। निर्धारित स्थान पर गड्ढे तैयार किये जाएंगे उनमें ही प्रतिमाओं को विसर्जित किया जाएगा। विसर्जन यात्रा केवल निर्धारित रुट पर ही होगी। नवरात्रि आदि के जुलूसों पर भी कोई नयी परम्परा नहीं डाली जाएगी। आगामी त्योहारों को लेकर एवं रास्ते आदि के संबंध में शांति समिति के सदस्यों से समस्याओं एवं सुझाव प्राप्त किये गये ।एडवोकेट विनय वार्ष्णेय बबराला ने कहा कि विसर्जन के समय चलने वाले डीजे को बबराला में ही निर्धारित स्थान पर रोका जाए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अनंत चतुर्दशी पर गणेश प्रतिमा का विसर्जन 4 सितम्बर को एवं मुख्य रूप से 6 सितम्बर को होगा। 5 सितम्बर को ईद मिलाद उन नवी का जुलूस निकाला जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहेगी। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी जुलूस के डीजे में दो से अधिक स्पीकर न लगे हों यह सुनिश्चित किया जाए। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने अपने थानाक्षेत्र में जुलूस के आयोजन में क्या क्या चीजें होंगी उनके लिए नोडल नियुक्त कर उनके साथ बैठक की जाए इसमें ईद मिलाद उन नवी तथा गणेश प्रतिमा विसर्जन के जुलूसों के सदस्यों एवं डीजे संचालकों को भी बुलाया जाए। जुलूसों में कोई नयी परम्परा नहीं डाली जाए। गणेश प्रतिमा विसर्जन को लेकर समय से विसर्जन के लिए गड्ढे खुद जाएं अधिशासी अधिकारी इसको देख लें। अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा ने कहा कि बड़ी मूर्ति एवं छोटी मूर्ति के लिए अलग अलग गड्ढे बनें तथा इसमें रैम्प भी बना हो ताकि कोई दुर्घटना न घटित हो सके। शांति समिति के सदस्य मुफ्ती मौलाना आलम रजा खां नूरी ने कहा कि जुलूसों के समय नगर में भारी वाहन न आएं तथा साफ सफाई एवं पेयजल एवं विद्युत की सुचारु व्यवस्था रहे। जुलूसों के समय कोई आवारा पशु न आ पाए इसके लिए जगह जगह पर वैरीकेडिंग हो। सम्भल से शांति समिति के सदस्य अनंत अग्रवाल ने आगामी रामनवमी एवं रामलीला के विषय में बताते हुए नगर पालिका द्वारा व्यवस्था बनायी जाएं। सिरसी के पूर्व चेयरमैन वसीम खां ने सिरसी में रेलवे क्रासिंग के पास सड़क में गड्ढे की बात कही। जिलाधिकारी ने कहा कि अनंत चतुर्दशी पर लगभग 100 प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। पीओपी, चूना तथा गोबर मिट्टी की प्रतिमाओं का ही विसर्जन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने ईद मिलाद उन नवी एवं आगामी त्यौहारों को लेकर भी दिशा निर्देशित किया उन्होंने कहा कि एसडीएम एवं क्षेत्राधिकारी समन्वय बनाकर डयूटी करें। उन्होंने कहा कि एक एक व्यक्ति एवं समुदाय एवं उनकी समस्याओं को ध्यान में रखा जाए। विद्युत एवं पेयजल की निर्वाध आपूर्ति रहे। साफ सफाई की व्यवस्था अच्छी रहे इसको भी देखें। निराश्रित गो वंशों को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि एक अभियान चलाते हुए निराश्रित गोवंशों को संरक्षित किया जाए। लोक निर्माण विभाग के संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़कों के गड्ढों को भरा जाए एवं उप जिलाधिकारी तथा क्षेत्राधिकारी फुट पेट्रोलिंग करें। जिलाधिकारी ने महिला सुरक्षा ,जनसुनवाई एवं विरासत ,अंश निर्धारण आदि पर भी चर्चा की एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ,अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा एवं समस्त उप जिलाधिकारी एवं समस्त क्षेत्राधिकारी एवं समस्त संबंधित अधिकारी कर्मचारी तथा शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# बारिश ने किया व्यापार ठप्प, लोग हुए परेशान, मेला पड़ा फीका



**चंदौसी/संभल (हनी चन्द्रा) सब का सपनाः-** पिछले कई दिनों से बारिश न होने के कारण लोग गर्मी से परेशान थे गर्मी ने मानों कि लोगों के हलक तक सुखा दिए थे लेकिन जब बारिश हुई तो दो दिन की बारिश से ही लोग परेशान हो गये क्युकी बारिश मूसलाधार हुई दिन रात बारिश ही बारिश। तेज बारिश की बजह से व्यापार पर भी बुरा प्रभाव पड़ा है। व्यापारियों का कहना है कि गर्मी झेलकर कम से कम व्यापार तो अच्छा चल रहा था लेकिन इस तेज बारिश ने तो ग्राहक को घर मे ही कैद कर दिया। वहीं दूसरी तरफ रविवार को गणेश चौथ का मेला लगा लेकिन अवकाश के बाद भी गणेश चौथ के मेले में बारिश के कारण भीड़ नहीं दिखाई दी। जिसकी वजह से मेले की रौनक भी फीकी पड़ गई।

# दिल्ली सरकार इन परिवारों को देगी घर और रोजगार, सीएम रेखा गुप्ता ने किया एलान

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार घुमंतू समुदाय के हर परिवार को न केवल स्थायी आवास उपलब्ध कराएगी, बल्कि उनकी आजीविका का भी प्रबंध करेगी। इन परिवारों को जहां भी बसाया जाएगा, वहां आस-पास रोजगार के साथ-साथ हाट-बाजार की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। यह घोषणा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में विमुक्त, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू जनजातियों के सशक्तिकरण के लिए आयोजित 'विमुक्त जाति दिवस' कार्यक्रम में की। साथ ही, घुमंतू समुदाय ने दिल्ली के संसाधनों और संस्थानों पर समान अधिकार होने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि आजादी के



78 साल बाद भी घुमंतू समुदाय उपेक्षा और संघर्ष की कठिन परिस्थितियों से जूझ रहा है। जबकि स्वतंत्रता संग्राम में इन समुदायों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इसके बावजूद, पिछली सरकारों ने कभी उनकी परवाह नहीं की। यह पहली बार है कि दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार मिलकर उनके जीवन में स्थिरता और सम्मान लाने का प्रयास कर रही हैं। घुमंतू समुदाय के हर परिवार को स्थायी आवास उपलब्ध कराना दिल्ली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने समुदाय के लोगों से अपनी सूचियाँ और दस्तावेज व्यवस्थित करने की अपील की ताकि वे समय पर सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा, रवींद्र इंद्राज सिंह आदि उपस्थित थे।

### आवास के साथ आजीविका का प्रबंध करेगी सरकार
### स्वतंत्रता संग्राम में समुदायों का महत्वपूर्ण योगदान
### दिल्ली में मलयाली समुदाय ने मनाया ओणम

मुख्यमंत्री ने मलयाली समुदाय के साथ ओणम मनाया -मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को 'मुख्यमंत्री सेवा सदन' में मलयाली समुदाय के साथ ओणम उत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाया। उन्होंने न केवल पारंपरिक नृत्य प्रस्तुतियों में भाग लिया, बल्कि अतिथियों को पारंपरिक ओणम व्यंजन भी परोसे। उन्होंने मलयाली समुदाय को ओणम की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि ओणम केवल फसल और समृद्धि का त्योहार नहीं है, बल्कि यह भाईचारे, एकता और साझा खुशियों का त्योहार है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में लगभग 10 लाख मलयाली परिवार रहते हैं, जिन्होंने न केवल अपनी सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखा है, बल्कि अपनी सांस्कृतिक विरासत से दिल्ली को समृद्ध भी किया है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि आज ओणम केवल केरल राज्य का उत्सव नहीं है, बल्कि भारत और विश्व भर में फैले मलयाली समुदाय के कारण यह अब एक वैश्विक त्योहार बन गया है।

## एनसीआर में झमाझम बारिश, दिल्ली-जयपुर हाईवे पर शाम को लगेगा भीषण जाम



**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में पिछले कुछ दिनों से बारिश का दौर थम नहीं रहा है। सोमवार को गुरुग्राम समेत एनसीआर के कई इलाकों में झमाझम बारिश शुरू हो गई है। मौसम विभाग ने सोमवार को बादल छाए रहने और हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है, जिसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। बता दें कि सोमवार दोपहर से जारी भारी बारिश ने शहर की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया है। कई जगहों पर जलभराव हो गया है, जिससे आम आदमी को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दिल्ली-जयपुर हाईवे पर खांडसा के पास सर्विस लेन पर पानी भर गया है। हालात इतने गंभीर हो गए हैं कि मुख्य हाईवे पर भी जलभराव शुरू हो गया है। वाहन रेंग-रेंग कर चल रहे हैं और कहीं-कहीं तो काफी देर तक रुके हुए नजर आ रहे हैं। शहर की मुख्य सड़कों का भी बुरा हाल है। शीतला माता रोड, सुभाष चौक, सेक्टर-9, 9ए और सेक्टर-10ए समेत पुराने और नए गुरुग्राम की कई कॉलोनियां जलमग्न हो गई हैं। कई इलाकों में घरों और दुकानों के सामने जलभराव से लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। दिल्ली-जयपुर हाईवे पर फिलहाल वाहन धीमी गति से चल रहे हैं। अगर शाम तक इसी तरह बारिश जारी रही तो हाईवे पर भारी जाम लगने की आशंका है। वहीं, आसमान में घने बादल छाए हुए हैं और लगातार बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले कुछ घंटों तक भारी बारिश जारी रहेगी।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने जज संजीव कुमार सिंह को किया सस्पेंड, आचरण के बारे में रिपोर्ट मिलने पर दिया आदेश




**नई दिल्ली।** आचरण के बारे में प्रतिकूल रिपोर्ट मिलने पर दिल्ली हाई कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के न्यायाधीश संजीव कुमार सिंह को तत्काल निलंबित करने का आदेश दिया। यह निर्णय दिल्ली हाई कोर्ट के न्यायाधीशों की एक फुल कोर्ट मीटिंग में लिया। बैठक में उनके आचरण के संबंध में गलत रिपोर्ट मिली, जिस पर कोर्ट ने उन्हें निलंबित करते हुए उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने पर विचार कर रही है। हाई कोर्ट रजिस्ट्रार जनरल अरुण भारद्वाज द्वारा जारी आदेश में संजीव कुमार सिंह को पूर्व अनुमति प्राप्त किए बिना दिल्ली न छोड़ने को कहा गया है। साथ उन्हें मामले की कार्यवाही जारी रहने तक साकेत कोर्ट के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के कार्यालय से अटैच कर दिया। न्यायाधीश संजीव सिंह के विरुद्ध न्यायालय अखिल भारतीय सेवा (अनुशासन एवं अपील) नियम, 1969 के नियम 3 के उपनियम (1) के खंड (क) और दिल्ली उच्च न्यायिक सेवा नियम, 1970 के नियम 27 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की कार्रवाई की गई है।

## बिंदापुर इलाके में धमकी देने का बदला लेने के लिए हुई थी हत्या, पुलिस ने दो आरोपियों को दबोचा

**पश्चिमी दिल्ली।** बिंदापुर थाना क्षेत्र में कुलदीप नामक व्यक्ति की हत्या की गुत्थी को सुलझाते हुए पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों में विपिन उर्फ मुन्ना और पवन उर्फ पंजाबी शामिल है। आरोपितों ने पूछताछ में पुलिस को बताया है कि धमकी का बदला लेने के लिए वह कुलदीप के घर मारपीट करने पहुंचे थे और झगड़े के दौरान उनलोगों ने उसके सीने में चाकू गोद कर भाग गए। बीच बचाव में कुलदीप का भतीजा भी घायल हो गया था। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि 17 अगस्त को उत्तम नगर स्थित अस्पताल से पुलिस को दो युवकों को चाकू लगने की सूचना मिली। वहां पहुंचने पर पुलिस को पता चला कि चिकित्सकों ने कुलदीप नाम के व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया है। उसके सीने पर चाकू से वार किया गया था। कुलदीप का भतीजा भी बीच बचाव में घायल हुआ था। उसने पुलिस को बताया कि उसके चाचा कुलदीप की आरोपितों के साथ कहासुनी हुई। इस दौरान आरोपितों ने कुलदीप की सीने पर चाकू से वार कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिले के नारकोटिक्स सेल को मामले की जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई। एसआइ नवीन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जांच शुरू की। जांच में पता चला कि कुलदीप का एक स्वजन बिना किसी को कुछ कहे एक युवक के पास गया था। इस बात की जानकारी मिलने पर कुलदीप उस युवक के घर गया और उसे स्वजन से दूर रहने की धमकी देकर घर आ गया। उसके बाद ही युवक के साथी कुलदीप के घर पहुंचे और घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने आस पास के सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपितों की पहचान कर ली। जांच में पता चला कि आरोपितों ने अपने मोबाइल फोन बंद किए हैं। तकनीकी जांच और आरोपियों के सोशल मीडिया अकाउंट्स की निगरानी से पता चला कि आरोपी बार-बार अपने ठिकाने बदल रहे हैं। पुलिस ने मुखबिरों को सक्रिय किया और 23 अगस्त को एक आरोपित विपिन को इलाके से गिरफ्तार कर लिया। विपिन से पूछताछ में घटना में शामिल आरोपितों के बारे में जानकारी हासिल की। जिसमें पता चला कि पवन कुमार बागपत भाग गया है। पुलिस ने तकनीकी जांच करने के बाद 30 अगस्त को उसे बागपत से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि पवन राजापुरी का रहने वाला है। उसपर पहले से बिंदापुर थाने में हत्या का प्रयास और आबकारी अधिनियम के तहत दो मामले दर्ज हैं। वहीं विपिन भगवती विहार का रहने वाला है और उसपर पहले से कोई आपराधिक मामले दर्ज नहीं हैं।

## उफनती यमुना से दिल्ली में बाढ़ का संकट, मंत्री प्रवेश वर्मा का आश्वासन- सरकार पूरी तरह तैयार

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है, क्योंकि हथिनीकुंड बैराज से 3 लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा गया है। इस पर दिल्ली के मंत्री प्रवेश वर्मा ने बताया कि अधिकारियों के अनुसार, नदी का जलस्तर आज देर रात खतरे के निशान को पार कर सकता है, जिससे बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। दिल्ली सरकार ने स्थिति पर कड़ी नजर रखी है और सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। दिल्लीवासियों को घबराने की जरूरत नहीं: वर्मा उन्होंने कहा कि



मुख्यमंत्री ने नागरिकों को आश्वस्त किया है कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है। दिल्ली सरकार हाई अलर्ट पर है और टीमें जमीन पर सक्रिय रूप से काम कर रही हैं। सरकार हर दिल्लीवासी की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। आसपास के इलाकों को कराया गया खाली बता दें, पहाड़ी इलाकों में भारी बारिश हो रही है। इस कारण यमुना नदी में यह पानी 48 से 60 घंटे में दिल्ली में पहुंच जाएगा। यदि पानी का बहाव और तेज होता है तो यह 24 घंटे में दिल्ली में प्रवेश कर जाएगा, जिससे बड़ी तबाही ला सकता है। यमुना नदी के किनारे वाले गांवों में अलर्ट जारी कर दिया गया है। सरकार ने यहां रहनेवाले लोगों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचा दिया है।

## पीड़ित परिवार ने हत्या की जताई आशंका, वजीरपुर नहर से मिले थे दो बच्चों के शव

**बाहरी दिल्ली।** वजीरपुर जेजे कालोनी से लापता छठी कक्षा के दो छात्रों की रहस्यमय हालात में मौत मामले में पीड़ित परिवार ने हत्या की आशंका जाहिर की है। पीड़ित परिवार ने बताया कि दोनों बच्चे आपस में अच्छे दोस्त थे। ट्यूशन के लिए निकले थे दोनों छात्र घर से ट्यूशन के लिए निकले, लेकिन वे घर नहीं पहुंचे। एक दिन बाद शव नहर से नग्नअवस्था में मिलता है। हमें संदेह है कि उसकी हत्या कर शव नहर में फेंका गया है। कपड़े नहर किनारे मिले हैं, ताकि लोगों को यह लगे की नहाने की दौरान उसकी मौत हुई है। पीड़ित परिवार ने इस मामले में पुलिस अधिकारी से उच्चस्तरी जांच की मांग की है।



सीसीटीवी कैमरों की जांच की मांग पीड़ित परिवार ने मांग की है कि बच्चे जहां ट्यूशन जाते हैं, वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जाए, इसके साथ ही ट्यूशन से नहर तक जाने वाले रास्ते पर लगे सभी सीसीटीवी फुटेज की जांच की जाए। ताकि यह पता चल सके कि आखिर बच्चे नहर तक कैसे पहुंचे। दोनों ही पीड़ित परिवार का कहना है कि ऐसा कभी भी नहीं हुआ है कि वह नहर में नहाने के लिए जाए। इससे पहले कभी नहर में नहीं गए थे। स्वजन ने बताया दोनों बच्चों को शुक्रवार की पूरी रात ढूंढते रहे। आरोप है कि इस दौरान जब वे थाने पहुंचे, तो उन्हें 112 नंबर पर कॉल करने के लिए कहा गया। जब पुलिस आई तो वे थाने गए। थाने जाने पर उनसे 24 घंटे बाद आने के लिए कहा गया। पीड़ित परिवार का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज जांच का एक अहम हिस्सा है। इसेस ही बच्चों की मौत की सही जानकारी मिल सकेगी। गौरतलब है कि दोनों छात्र शुक्रवार की दोपहर से लापता थे। शनिवार को उनके शव पास ही वजीरपुर नहर में तैरते हुए मिले। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजन को सौंप दिया। मृतक छात्रों की पहचान वैभव (11) और यश (12) के रुप में हुई थी। दोनों छात्र केशवपुर में एक ही स्कूल में छठी कक्षा में पढ़ते थे और पक्के दोस्त थे। पुलिस का शुरूआती जांच के आधार पर माना है

## दिल्ली के 799 सरकारी स्कूलों में पानी-बिजली की किल्लत, शिक्षा निदेशालय की रिपोर्ट में खुलासा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पानी और बिजली की कमी ने शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय (डीओई) की एक ताजा रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि राजधानी के 799 सरकारी स्कूलों में से कई में पानी और बिजली की आपूर्ति बाधित है, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। रिपोर्ट के अनुसार, 703 स्कूल दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) या सैन्य अभियंता सेवा (एमईएस) के कनेक्शन पर निर्भर हैं। लेकिन, इनमें से 59 स्कूलों में पानी की आपूर्ति रुक-रुक कर हो रही है, वहीं 48 स्कूलों में पानी



बिल्कुल नहीं आता या अनियमित है। 22 स्कूल पूरी तरह टैंकरों पर निर्भर हैं, जिनमें से चार ने जल बोर्ड कनेक्शन के लिए आवेदन किया है। 10 स्कूलों में पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। इनमें तीन निमार्णाधीन हैं, जबकि बाकी सात स्कूल पास के स्कूलों या टैंकरों से पानी ले रहे हैं। इनमें से दो ने कनेक्शन के लिए आवेदन किया है। 64 स्कूल बोरवेल या सबमर्सिबल पंप से पानी प्राप्त कर रहे हैं। दूसरी ओर, 799 स्कूलों में से छह में बिजली की कोई सुविधा नहीं है। इनमें से ज्यादातर स्कूल पुनर्निर्माण या साझा परिसरों के कारण प्रभावित हैं। बाकी 793 स्कूलों में से 17 ने बार-बार बिजली कटौती की शिकायत की है, जिससे स्कूलों का संचालन मुश्किल हो रहा है। शिक्षा निदेशालय ने सभी डिप्टी डायरेक्टर आफ एजुकेशन (डीडीई) को पत्र लिखकर 15 दिनों के भीतर स्कूल-वार कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट जमा करने का आदेश दिया है। शिक्षा निदेशालय ने दिए सख्त निर्देश शिक्षा निदेशालय ने इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए सभी डिप्टी डायरेक्टर आफ एजुकेशन (डीडीई) को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। निर्देश में कहा है

## 'भारत की पीठ में छुरा मारने वाले चीन से सावधान रहे सरकार', संजय सिंह ने ड्रैगन से नजदीकियों को लेकर किया आगाह




**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने मोदी सरकार द्वारा चीन के साथ बढ़ाई जा रही नजदीकियों को लेकर आगाह किया है। उन्होंने कहा कि भारत की पीठ में छुरा मारने वाले चीन से मोदी सरकार को सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 6 वर्षों में चीन को 40 लाख करोड़ का व्यापार दिया। लेकिन धोखेबाज चीन ने गलवान घाटी में हमारे 20 जवानों को मार दिया और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान खुलेआम पाकिस्तान को मिसाइल और हथियार दिया। उधर, दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मोदी जी ने ही कहा था कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते, तो फिर ये नजदीकियां क्यों बढ़ाई जा रही है आम आदमी पार्टी ने ग्रेटर कैलाश विधानसभा में स्थित चिराग दिल्ली गांव में एक पदयात्रा का आयोजन किया। भाजपा पर आरोप लगाते हुए आप नेताओं ने कहा कि पिछले 10 सालों से लगातार फैलाए जा रहे झूठ के विरोध में पदयात्रा निकाली गई और पर्चे बांटकर जनता को सच्चाई से अवगत कराया गया। आप ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के छोटे-छोटे नेता गलियों में जाकर उनके नेताओं के खिलाफ झूठ फैला रहे हैं कि आप के प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने भ्रष्टाचार करके ग्रेटर कैलाश में एक कोठी बनाई है, हमने वो कोठी देखी है, कोठी के काले शीशे है, कोठी ईष्ट आफ कैलाश में है और एक फार्म हाउस भी बनाया है। आप नेताओं ने कहा कि भाजपा को इस तरह का गलत प्रचार नहीं करना चाहिए।

## दिल्ली में शराब की दुकान में घुसकर सेल्समैन पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला, बदमाशों ने लाठी-डंडों से भी पीटा

**बाहरी दिल्ली।** भारत नगर थाना क्षेत्र में रविवार रात सरकारी शराब की दुकान के एक सेल्समैन पर बदमाशों ने चाकू और डंडे से हमला कर दिया। बदमाशों ने इस दौरान सेल्समैन के गर्दन, हाथ और पैर में आधा दर्जन से अधिक चाकू से वार किए। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपित मौके से फरार हो गए। पीड़ित की पहचान 52 वर्षयी ज्ञानपाल सिंह के रूप में हुई है। घायल को पास के ही अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घायल शख्स अभी बयान देने की हालत में नहीं है। क्या है पूरा मामला? पुलिस ने हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शुरूआती जांच में पुरानी रंजिश की बात सामने आ रही है। उत्तर पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि रविवार रात भारत नगर थाना पुलिस को निमरी कॉलोनी कॉम्प्लेक्स सी-8 स्थित एक सरकारी शराब की दुकान में चाकूबाजी की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि शराब की दुकान में काम करने वाले सेल्समैन ज्ञानपाल सिंह पर कुछ अज्ञात बदमाशों ने चाकू के कई वार किए हैं। स्थानीय लोगों ने उसे दीप चंद बंधु अस्पताल लेकर गए हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि चाकू और हॉकी स्टिक से लैस चार लोगों ने पीड़ित पर हमला किया। पुलिस ने दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिसमें हमलावरों को पीड़ित पर हमला करते देखा गया। पुलिस ने क्राइम टीम और फोरेंसिक टीम को घटनास्थल पर बुलाया। टीम ने वहां का निरीक्षण कर साक्ष्य हासिल किए। पुलिस टीम वहां से अस्पताल पहुंची, जहां पीड़ित का इलाज चल रहा है। वह अभी बयान देने की हालत में नहीं है। हालांकि शुरूआती जांच में उनका किसी व्यक्ति से पुरानी दुश्मनी की बात सामने आई है। पुलिस दुकान प्रबंधक सहित अन्य प्रत्यक्षदर्शियों का बयान दर्ज कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज में कैद नकाबपोश बदमाशों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। स्थानीय मुखबिरों से भी इसके बारे में जानकारी ली जा रही है।

## दिल्ली में खेलते हुए 11वीं मंजिल की बालकनी से गिरी बच्ची, इकलौती बेटी को खोने से बेसुध हुए माता-पिता

**बाहरी दिल्ली।** नरेला स्थित हिंद अपार्टमेंट की 11वीं मंजिल स्थित बालकनी से गिरने से ढ़ाई वर्षीय मीरा की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जांच के दौरान पता चला कि बच्ची अपने भाई के साथ बालकनी में खेलते हुए रेलिंग पर चढ़ गई। इस दौरान वह अचानक से नीचे गिर गई। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक उमेंद्र कुमार अपनी पत्नी आरती दो बेटे 12 वर्षीय आर्यन और 10 वर्षीय प्रिंस के साथ 11वीं मंजिल स्थित एक फ्लैट में किराये पर रहते थे। ढ़ाई वर्षीय बेटी भी उनके साथ ही रहती थी। परिवार तीन महीने पहले ही यहां शिफ्ट हुआ था। क्या करते हैं बच्ची के माता-पिता? उमेंद्र मूलरूप से उत्तर प्रदेश के एटा मैनपुरी के रहने वाले हैं। उमेंद्र रिक्शा चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। वहीं पत्नी सोनीपत के कुंडली स्थित एक फैक्ट्री में नौकरी करती हैं । आरती ने बताया कि रोजाना की तरह शनिवार की सुबह वह और उनके पति अपने-अपने काम पर चले गए।

## ड्यू कॉलेजों को खेल के लिए 5 फीसदी सीटें आरक्षित करने का आदेश, दिल्ली हाई कोर्ट का

**नई दिल्ली।** CBSE के लॉन टेनिस में राष्ट्रीय स्तर के स्वर्ण पदक विजेता द्वारा दायर रिट याचिका का निपटारा करते हुए, दिल्ली उच्च न्यायालय ने निर्देश दिया है कि दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) से संबद्ध सभी कॉलेजों को भविष्य में प्रवेश के दौरान पाठ्येतर गतिविधियों (ईसीए) और खेल कोटा के लिए अनिवार्य 5% आरक्षण का पालन करना होगा। यह मामला नाबालिग अदिति रावत द्वारा दायर किया गया था, जिसका प्रतिनिधित्व उसकी माँ अनीता रावत ने किया था। वह शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए हिंदू कॉलेज में खेल कोटे के तहत




सीट मांग रही थी। रावत के वकील, जितेंद्र गुप्ता, भरत रावत और आशीष मिश्रा ने तर्क दिया कि डीयू की प्रवेश नीति के अनुसार, प्रत्येक कॉलेज में कुल सीटों में से 5% सीटें ईसीए/खेल के लिए आरक्षित होना अनिवार्य है, जबकि हिंदू कॉलेज ने स्वीकृत 956 सीटों में से ईसीए और खेल के लिए केवल 10-10 सीटें आवंटित की हैं - जो आवश्यक 47 सीटों से बहुत कम है। हिंदू कॉलेज ने तर्क दिया कि डीयू के सूचना बुलेटिन में उल्लिखित कोटा अनिवार्य नहीं था। हालांकि, दिल्ली विश्वविद्यालय ने अदालत में पेश किए गए एक हलफनामे में पुष्टि की कि कॉलेज अपने स्वीकृत प्रवेशों का 5% ईसीए और खेल प्रवेश के लिए आरक्षित रखने के लिए बाध्य हैं। न्यायमूर्ति विकास महाजन ने कहा कि विश्वविद्यालय के हलफनामे में कोई अस्पष्टता नहीं है; कोटा अनिवार्य है। हालांकि, चूंकि शैक्षणिक सत्र के लिए खेल अतिरिक्त कोटे के तहत प्रवेश की केंद्रीकृत प्रक्रिया पहले ही पूरी हो चुकी थी, इसलिए अदालत ने फैसला सुनाया कि याचिकाकर्ता को तत्काल राहत नहीं दी जा सकती, जिसने लेडी श्री राम कॉलेज में खेल कोटे के तहत पहले ही प्रवेश प्राप्त कर लिया था। कार्यवाही के दौरान, अधिवक्ता गुप्ता ने यह भी बताया कि डीयू ने तत्काल प्रवेश के लिए एक सार्वजनिक नोटिस जारी किया था। हालाँकि, अदालत ने स्पष्ट किया कि यह नोटिस केवल नियमित स्वीकृत सीटों पर लागू होता है, अतिरिक्त खेल/ईसीए कोटे पर नहीं। अंत में, याचिकाकर्ता के वकील ने अदालत से भविष्य में अनुपालन सुनिश्चित करने का आग्रह किया, जिसका डीयू के वकील ने समर्थन किया। इसे स्वीकार करते हुए, न्यायमूर्ति महाजन ने आशा व्यक्त की कि डीयू के कॉलेज अब से अनिवार्य 5% ईसीए/खेल कोटा संबंधी सूचना बुलेटिन दिशानिर्देशों का कड़ाई से पालन करेंगे। अदालत के आदेश में कहा गया है कि इन निर्देशों के साथ याचिका का निपटारा कर दिया गया।

### दिल्ली उच्च न्यायालय ने सीबीएसई के लॉन टेनिस में राष्ट्रीय स्तर के स्वर्ण पदक विजेता द्वारा दायर याचिका पर फैसला सुनाते हुए कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय से जुड़े सभी कॉलेजों को प्रवेश के दौरान खेल और पाठ्येतर गतिविधियों के लिए....

## हरियाणा में इन छह हजार कर्मचारियों को नहीं मिला वर्दी धुलाई भत्ता



चंडीगढ़ः परिवहन विभाग के चालक-परिचालकों की तर्ज पर स्वास्थ्य विभाग के छह हजार कर्मचारियों को भी इस बार वर्दी धुलाई भत्ता नहीं मिल पाया है। बगैर पूर्व सूचना के वर्दी धुलाई भत्ता रोकने पर भड़के बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारियों (एमपीएचडब्ल्यू) ने तुरंत प्रभाव से यह भत्ता जारी करने की मांग की है। बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन की राज्य प्रधान शर्मिला देवी और महासचिव सहदेव सांगवान तथा स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ के प्रदेश अध्यक्ष रामेहर वर्मा ने बताया कि अगस्त में जारी जुलाई का जो वेतन जारी किया गया है, उसमें वर्दी धुलाई भत्ता शामिल नहीं है। इस बारे में जब मुख्यालय में संपर्क किया गया तो पता चला कि ई सैलरी से वर्दी धुलाई भत्ता का विकल्प ही वित्त विभाग द्वारा हटा दिया गया है। इससे यह कटौती हुई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में एमपीएचडब्ल्यू वर्ग के लगभग छह हजार महिला एवं पुरुष कर्मचारी एवं निरीक्षक तैनात है, जिन्हें सरकार द्वारा कई वर्षों से 900 रुपये प्रति माह वर्दी धुलाई भत्ता दिया जा रहा था। बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक वर्दी धुलाई भत्ता वेतन से हटाना कर्मचारियों एवं उनके परिवारों से कुठाराघात है। उन्होंने मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और विभागीय उच्च अधिकारियों को पत्र लिख मामले में संज्ञान लेकर तुरंत ई सैलरी पर वर्दी धुलाई भत्ते का आप्शन जोड़कर राशि जारी करने की मांग की है।

# एल्विश यादव के घर फायरिंग करने वाले आरोपी सगे भाई किस गैंग से? दिल्ली, गुरुग्राम और फरीदाबाद पुलिस की चुप्पी

फरीदाबाद : यू-ट्यूबर एल्विस यादव के गुरुग्राम वाले घर में फायरिंग मामला उलझता जा रहा है। इस फायरिंग के आरोप में फरीदाबाद, गुड़गांव और दिल्ली पुलिस बेशक चार आरोपियों को गिरफ्तार कर अपनी पीठ थपथपा रही हो, लेकिन आरोपियों का किस गैंग से संबंध है, इस बारे में कुछ भी पता नहीं कर पाई है। खास बात यह है कि गुड़गांव और दिल्ली पुलिस की गिरफ्त में आया जतिन और गौरव पर्वतीय कॉलोनी में 22 से 25 वर्ग गज के मकान में रहते है। दोनों सगे भाई हैं। जतिन बड़ा और गौरव छोटा भाई है। इनकी गिरफ्तारी होने के बाद से घर में ताला लटका हुआ है। घर में रहने वाली मां और बहन भी फरार है।

जानकारों की मानें तो जतिन और गौरव, ईशांत उर्फ ईशु गांधी के दोस्त हैं। गौरव का पूरा परिवार झगड़ालू किस्म का है। किसी न किसी मामले में इसके यहां पुलिस का आना जाना लगा रहता है। एनबीटी संवाददाता भोला पांडेय ने जब आरोपी के घर के आसपास के लोगों से बातचीत की तो कई बातें सामने आई।गुजारे के लिए करते थे दुकान



लोगों ने बताया कि पिता की मौत होने के बाद मां घरों में काम कर परिवार पालती थी। जतिन और गौरव के बड़े होने पर दोनों ने फास्ट फूड की दुकान भी खोल रखी थी। किसी ग्राहक के विवाद होने पर बंद कर दी। लोगों के मुताबिक, गौरव झगड़ालू किस्म का व्यक्ति है।स्ट्रीट डॉग लवर

कई स्ट्रीट डॉग पाल रखे है, इस वजह से होते थे झगड़े लोगों ने बताया कि पिछले दिनों रात के समय पुलिस की कई गाड़ियां आई थीं। लेकिन पुलिस का मामला होने के कारण गली का कोई व्यक्ति बाहर नहीं निकला। दोनों भाई किसी के घर पर गोली भी चला सकते हैं। इसकी जानकारी गली वालों को भी नहीं है। आरोपियों ने गली में आधा दर्जन से अधिक स्ट्रीट डॉग्स पाल रखे हैं। इसके चलते कई बार झगड़े हो चुके हैं।

गैग से संपर्क का पता नहीं लगा पाई पुलिस

23 अगस्त की सुबह करीब चार बजे फरीदाबाद क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 और सेंट्रल की टीम ने मुठभेड़ के बाद जवाहर कॉलोनी निवासी ईशांत उर्फ ईशु गांधी को गिरफ्तार किया था। उसके पैर में गोली गली थी। 24 अगस्त को गुड़गांव पुलिस ने पर्वतीय कॉलोनी निवासी जतिन को गिरफ्तार कर अपनी पीठ थपथपाई। 25 को दिल्ली पुलिस ने जतिन के भाई गौरव व आदित्य नामक आरोपियों को गिरफ्तार कर वाहवाही लूटी। तीनों पुलिस इनके गैंग के संपर्क के बारे में पता नहीं कर पाई।

गुड़गांव पुलिस के पीआरओ संदीप कुमार का कहना है कि आरोपियों के किसी गैंग से संपर्क होने की जानकारी नहीं मिल पाई है। एसीपी क्राइम फरीदाबाद वरुण दहिया का दावा है कि एल्विश के घर पर फायरिंग में ईशान, गौरव और आदित्य ही शामिल थे। मामला गुड़गांव का होने के कारण वह इस केस से अलग हो गए।

## अब यमुना ने धारण किया रौद्र रूप, हथिनीकुंड बैराज के खोलने पड़े गेट, दिल्ली, यूपी और हरियाणा में बाढ़ का खतरा

यमुनानगर, आशीष शर्माः उत्तर भारत में आसमान से आफत बरस रही है और अब यमुना भी रौद्र रूप धारण कर चुकी है। हरियाणा से लेकर दिल्ली तक खतरे की घंटियां बज चुकी हैं। हथिनी कुंड बैराज से लाखों क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद अब बाढ़ का खतरा बेहद करीब आ गया है। दिल्ली समेत कई इलाकों में अगले 48 घंटे बेहद भारी साबित हो सकते हैं। सुबह चार बजे से बढ़ रहा है जलस्तर हरियाणा के हथिनी कुंड बैराज में सुबह 4 बजे से जलस्तर बढ़ने लगा था। जो तेजी से 2 लाख 40 हजार क्यूसेक के आंकड़े को छूने लगा। बता दें कि 2 लाख 50 हजार क्यूसेक पर यमुना के खतरे का निशान निर्धारित किया गया है और इस वक्त यमुना 2 लाख 40 हजार क्यूसेक को पार कर रही है। सिंचाई विभाग के सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर ने बताया कि जिस तरीके से यमुना की कैचमेंट बेल्ट में लगातार बारिश हो रही है और पांवटा साहिब से जो रिपोर्ट मिल रही है उसके हिसाब से आने वाले कई घंटे तक यही स्थिति बनी रहने की आशंका है।कब कितना पानी 3 बजे 97,869 क्यूसेक 4 बजे 1,65,000 क्यूसेक 5 बजे 2,10,361 क्यूसेक 6 बजे 2,38,758 क्यूसेक 9 बजे- 3 लाख 29313 क्यूसेक खतरे का निशानः अढ़ाई लाख के बाद मानी जाती है हाई फ्लड सिचुएशन 48 घंटे बाद दिल्ली प्रशासन की तैयारियों की होगी परीक्षासिंचाई विभाग के सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर आर एस मित्तल का कहना है कि अढ़ाई लाख क्यूसेक के बाद यमुना को हाई फ्लड कैटेगरी में रखा जाता है। यानी कि अब खतरा सिर चढ़कर बोल रहा है। नहरों की सप्लाई बंद कर दी गई है और पूरा का पूरा पानी यमुना में छोड़ा जा रहा है। सीधे असर की चपेट में हरियाणा और उत्तर प्रदेश के कई जिले आएंग।

## पंचकूला में भारी बारिश,डीसी ने जारी की एडवाइजरी, नागरिकों को दी ये खास सलाह

**हरियाणाः** हरियाणा के पंचकूला में तड़के सुबह से लगातार बारिश हो रही है। पहाड़ों और मैदानी इलाकों में हो रही मूसलधार बारिश के कारण घग्गर नदी और कई बरसाती नाले उफान पर हैं। मौसम विभाग ने जिले के लिए लगातार बारिश का अलर्ट जारी किया है। हालात को देखते हुए स्थानीय प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है और स्थिति पर नजर बनाए हुए है। उपायुक्त ने जारी की एडवाइजरी वहीं, पंचकूला के उपायुक्त ने एक एडवाइजरी जारी करते हुए सभी नागरिकों को सूचित किया है कि क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण घग्गर नदी का जलस्तर खतरे के निशान के बेहद करीब पहुंच गया है। साथ ही मौसम विभाग द्वारा आज और कल के लिए भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। उपायुक्त ने नागरिकों से की अपीलउपायुक्त ने नागरिकों से अपील की है कि वे नदी, नालों और



जलभराव वाले क्षेत्रों से पूरी तरह दूर रहें, क्योंकि यह जानलेवा हो सकता है। इसके अलावा, जब तक अत्यंत आवश्यक न हो, घर से बाहर न निकलें। मोरनी क्षेत्र की यात्रा करने वाले नागरिकों को सलाह दी गई है कि यात्रा से पहले सड़क की स्थिति की जानकारी अवश्य लें और पूरी सतर्कता बरतें। साथ में उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में नागरिक फ्लड कंट्रोल रूम के नंबर 0172-2562135 पर संपर्क कर सकते हैं। 3 ब्लॉकों के स्कूलों में छुट्टी घोषित पंचकूला में लगातार हो रही भारी बारिश को देखते हुए स्थानीय प्रशासन ने आज जिले के तीन ब्लॉकों के कुछ स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी है, जिसमें...मोरनी ब्लॉकः सभी स्कूल बरवाला ब्लॉकः राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल बरवाला राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल पारवाला पिंजौर ब्लॉकः राजकीय प्राथमिक स्कूल प्रेमपुरा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल भोरियां राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल बाड़गोदाम पंचकूला की उपायुक्त (डीसी) मोनिका गुप्ता ने अभिभावकों, छात्रों और शिक्षकों से अपील की कि वे मौसम की वर्तमान स्थिति को देखते हुए सतर्क रहें और अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें।

## मकान की मरम्मत के लिए मिलेंगे 2.50 लाख रुपए, इन लोगों को मिलेगी बड़ी मदद

चंडीगढ़ : प्रधानमंत्री आवास योजना -2.0 (शहरी) के तहत हरियाणा के शहरी क्षेत्रों में रहने वाले पात्र परिवारों को मकान निर्माण या जर्जर मकान की मरम्मत के लिए सरकार की ओर से ढाई लाख रुपये तक का अनुदान मिलेगा। इसके लिए कई निगमों-परिषदों को निर्देश दिए गए हैं।




हरियाणा डिपार्टमेंट ऑफ हाउसिंग फॉर ऑल की अतिरिक्त निदेशक रूचि सिंह ने इस संबंध में प्रदेश के 11 नगर निगमों, नगर परिषदों व नगर पालिकाओं को निर्देश जारी किए हैं। योजना का लाभ पाने के लिए आवेदक को 1 सितंबर 2024 से पहले उसी शहर का निवासी होना जरूरी है। साथ ही परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) के अनुसार आवेदक की वार्षिक आय 3 लाख रुपये से कम होनी चाहिए।

योजना के अंतर्गत केवल वही आवेदक पात्र होंगे, जिनका घर जर्जर हालत में है या जिनके पास वैध कॉलोनी में खाली प्लॉट मौजूद है। स्वामित्व साबित करने के लिए मकान या प्लॉट की रजिस्ट्री, जमाबंदी या इंतकाल जैसे दस्तावेज अनिवार्य होंगे। इसके अतिरिक्त परिवार के सभी सदस्यों का आधार कार्ड और आवेदनकर्ता का पंजीकृत मोबाइल नंबर होना चाहिए।तथ्य छिपाने पर आवेदन होगा रद्द

इस योजना में जो लोग किराये पर रहते हैं और उनके पास कोई संपत्ति नहीं है, वे भी योजना का लाभ ले सकते हैं।

ऐसे आवेदक अफोर्डेबल हाउसिंग पार्टनरशिप (AHP) के तहत आवेदन कर सकेंगे। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (एहर) में आने वाले परिवारों को फ्लैट खरीदने पर ढाई लाख रुपये तक की सब्सिडी उपलब्ध कराई जाएगी। इस योजना में स्पष्ट प्रावधान है कि यदि कोई आवेदक गलत जानकारी देता है या तथ्यों को छिपाता है तो उसका आवेदन स्वतः रद्द कर दिया जाएगा।

## बाढ़ की अफवाह फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई




फरीदाबाद : हथिनीकुंड बैराज से लगभग 3 लाख 25 हजार क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद फरीदाबाद में बाढ़ जैसी स्थिति बनने की आशंका जताई गई है। जिले के उपायुक्त विक्रम सिंह यादव ने प्रेस वार्ता में बताया कि लगातार हो रही बारिश से यमुना का जलस्तर बढ़ रहा है और अगले 24 घंटे में इसका असर फरीदाबाद के यमुना किनारे के इलाकों में देखा जा सकता है। डीसी ने लोगों से अपील की कि वे तुरंत अपने घर खाली कर सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं। प्रशासन की ओर से कम्युनिटी सेंटर और स्कूलों में ठहरने व भोजन की व्यवस्था की गई है। साथ ही पुलिस और प्रशासनिक टीमें प्रभावित क्षेत्रों को खाली कराने में जुटी हैं। साथ ही लगातार यमुना से लगाते हुए इलाकों मैं मुनादी कराई जा रही है।डीसी यादव ने चेतावनी दी कि बाढ़ से जुड़ी भ्रामक या गलत जानकारी सोशल मीडिया पर साझा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही जिला प्रशासन ने नागरिकों की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है। इसके जरिये लोग जिला प्रशासन से संपर्क कर सकते हैं।

### सिरसा में भारी बारिश, घग्गर नदी के तटबंध कमजोर, जलस्तर को देखते ग्रामीणों की बढी चिंता



सिरसा : घग्गर के जलस्तर को देखते हुए सिरसा के ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। जिले में लगातार हो रही बरसात के चलते नदी के तटबंध कमजोर पड़ रहे हैं। पहाड़ी क्षेत्रों में भी बारिश जारी रहने से घग्गर का जलस्तर और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। सिरसा के नजदीकी गांव खैरेकां में हालात नाजुक बने हुए हैं। बीती रात हुई तेज बरसात से गांव के कई घरों में पानी घुस गया। ग्रामीण अपने स्तर पर तटबंधों पर पहरेदारी कर हालात पर नजर बनाए हुए हैं। वहीं, गांव के दूसरी ओर बह रही घग्गर नदी और जोहड़ों में भरे पानी ने परेशानी और बढ़ा दी है। ग्रामीण दिन-रात मिलकर पानी निकालने का प्रयास कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि घग्गर का जलस्तर और बढ़ा तो हालात बिगड़ सकते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पिछली रात से हुई बारिश से ही खेतों और घरों में पानी भरना शुरू हो गया है। अगर नदी का जलस्तर और ऊपर गया तो गांव में बाढ़ जैसी स्थिति बन जाएगी। घग्गर के जल स्तर बढ़ने से भी दर्जनों एकड़ में खड़ी फसल तबाह हो चुकी है। गांव के सरपंच नरेश ने बताया कि इस बीच जिला प्रशासन भी हालात पर नजर बनाए हुए है। प्रशासन की टीमें गांवों में पहुंचकर तटबंधों को मजबूत करने और पानी निकासी की व्यवस्था में जुटी हुई हैं।

### ओखला बैराज से 55 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा, यमुना नदी से सटे गांव में जलभराव...सैकड़ों एकड़ फसल डूबी



फरीदाबाद : दिल्ली के ओखला बैराज से यमुना में 55 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के चलते नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर चल रहा है। जिस कारण फरीदाबाद में यमुना का जलस्तर बढ़ने से लोगों की परेशानियां भी बढ़ गई है। हालांकि यमुना का जलस्तर अभी खतरे के निशान तक नहीं पहुंचा है, लेकिन निचले इलाकों में खेतों में खड़ी फसल में जलभराव हो गया है। फरीदाबाद में यमुना का खतरे का लेवल 200 मीटर पर है, जबकि अभी यमुना का पानी 198 मीटर तक पहुंच गया है। दिल्ली ओखला बैराज से लगातार पानी यमुना में छोड़ा जा रहा है। जिसके चलते यमुना के साथ लगते खेतों में खड़ी फसल में पानी घुस गया है। मझावली गांव के पास बसे चीरस गांव के खतों में भी पानी घुस गया था। प्रशासन ने अभी भी लोगों के यमुना को पार करने और पानी के पास जाने पर रोक लगाई हुई है। यमुना की तलहटी में बसे गांव बसंतपुर के लोगों के यमुना का पानी सबसे बड़ी परेशानी खड़ी कर देता है। यमुना के बढ़ते जलस्तर के चलते अभी भी गांव के निचले हिस्से में घरों के बाहर पानी भरा हुआ है। इससे पहले 15 अगस्त की रात को आए पानी के कारण लोगों को घरों को खाली करके जाना पड़ा था। सिंचाई विभाग के एसडीओ अरविंद शर्मा ने बताया कि आबादी वाले क्षेत्र में केवल बसंतपुर गांव में पानी भरा है। बाकी इलाके में अभी किसी गांव में पानी नहीं घुसा है, विभाग के कर्मचारी पानी पर अपनी नजर रखे हुए हैं।

## फरीदाबाद से दिल्ली-नोएडा का सफर हुआ महंगा, आज से टोल की लागू हुई नई दरें

फरीदाबाद फरीदाबाद से दिल्ली और नोएडा की ओर जाने वाले यात्रियों को अब नेशनल हाईवे के बदरपुर बॉर्डर फ्लाईओवर पर ज्यादा टोल चुकाना पड़ेगा। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (NHAI) ने 1 सितंबर 2025 से नई टोल दरें लागू कर दी हैं। कार और छोटे वाहन चालकों को आंशिक राहत सराय ख्वाजा टोल प्लाजा पर कार और छोटे वाहन चालकों को सिंगल यात्रा पर छूट दी गई है। हालांकि, मल्टीपल यात्रा पर 2 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। जिन यात्रियों ने 3000 वाला मंथली पास बनवाया हुआ है, उन पर नई दरों का असर नहीं पड़ेगा। वहीं, लाइट कॉमर्शियल व्हीकल और भारी वाहनों के लिए सिंगल व मल्टीपल यात्रा के साथ-साथ मंथली पास की दरों में भी बढ़ोतरी की गई है। NHAI के मुताबिक, हर दिन लगभग 5,000 वाहन इस टोल से गुजरते हैं। इनमें से ज्यादातर दिल्ली और नोएडा की ओर




बदरपुर फ्लाईओवर और बायपास का उपयोग करते हैं। ऐसे में नई दरों का सीधा असर इन यात्रियों पर देखने को मिलेगा।इतना देना होगा टोल

घरेलू कार और छोटी गाड़ियों को पहले मल्टीपल यात्रा पर 52 रुपये देने पड़ते थे, लेकिन अब उन्हें 53 रुपये देने होंगे। वहीं, मंथली पास बनवाने के लिए 16 रुपये ज्यादा देने पड़ेंगे। लाइट कॉमर्शियल व्हीकल की सिंगल यात्रा पर 1 रुपये, मल्टीपल यात्रा पर 2 रुपये और मंथली पास पर 23 रुपये बढ़ाए गए हैं। इन वाहनों के चालकों को अब मंथली पास बनवाने के लिए 567 रुपये की जगह 1590 रुपये देने होंगे। इन चालकों को सिंगल यात्रा पर 52 की बजाय 53 और मल्टीपल यात्रा के लिए 78 की जगह 80 रुपये देने होंगे। भारी वाहनों को सिंगल यात्रा पर 2 रुपये और मंथली पास पर 48 रुपये ज्यादा भुगतान करना पड़ेगा। फरीदाबाद में मालवाहक गाड़ियों की संख्या अधिक फरीदाबाद शहर में ट्रैक्टर, मोटरसाइकिल, रेफ्रिजरेटर, कपड़ा, फर्नीचर और स्पेयर पार्ट्स का निर्माण होता है। इस कारण यहां भारी मालवाहक वाहनों की आवाजाही अधिक होती है, जिन्हें अब बढ़े हुए टोल का भुगतान करना पड़ेगा।

टोल प्लाजा मैनेजर ने दी जानकारी टोल प्लाजा मैनेजर आर.के. यादव ने बताया कि नई दरें 1 सितंबर 2025 से लागू कर दी गई हैं। उन्होंने कहा, ये दरें हर साल रिवाइज होती हैं, लेकिन 2024 में नहीं हो सकीं। इस साल की संशोधित दरों को यात्रियों की सहूलियत के लिए टोल प्लाजा पर प्रदर्शित कर दिया गया है।

### अंबाला में बारिश का कहर, मकान की छत गिरी, महिला और 2 बच्चे मलबे में दबे



अंबाला अंबाला के बिहटा गांव में सोमवार सुबह साढ़े 8 बजे लगातार हो रही बारिश के कारण एक मकान की छत ढह गई, जिससे एक महिला और उसके दो बच्चे मलबे में दब गए। हादसे के समय परिवार कमरे में बैठा हुआ था, तभी अचानक छत का गाटर टूट गया और छत गिर गई। ग्रामीणों ने शोर सुनकर तुरंत मलबा हटाया और 35 वर्षीय महिला सुखविंद्र कौर, उसकी आठ वर्षीय बेटी अमनीत और चार वर्षीय बेटे समरीक को बाहर निकालकर नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को कैंट स्थित नागरिक अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। गांव के नंबरदार परमार ने बताया कि छत गिरने से न केवल परिवार के सदस्य घायल हुए, बल्कि घर का काफी सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया है। फिलहाल बारिश से बचाव के लिए घर पर तिरपाल डाल दी गई है। घटना की जानकारी मिलते ही साहा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### टोहाना में भाखड़ा नहर के किनारे दिखी दरार, ग्रामीणों की सतर्कता से बड़ा हादसा टला

टोहाना : टोहाना के बलियाला हेड पर भाखड़ा नहर के किनारे मिट्टी में दरार देख एक ग्रामीण ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल किया, जिससे क्षेत्र को बड़े नुकसान से बचा लिया गया। जानकारी के अनुसार यह घटना शाम के समय की है, जब बलराज नामक व्यक्ति टहलने के दौरान नहर के पास पहुंचे। उन्होंने मिट्टी में दरार देखी और इसका वीडियो बनाकर ग्रामीणों को सूचित किया। उनका मानना था कि बारिश होने पर यह दरार बढ़ सकती है और नहर टूटने का खतरा हो सकता है। सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और नहर विभाग को सूचित किया। विभाग के कार्यकारी अभियंता श्याम ढींगड़ा के निर्देशन में एसडीओ महेंद्र सिंह के नेतृत्व में कर्मचारी तुरंत मरम्मत कार्य शुरू करने लगे। सैकड़ों ग्रामीणों ने भी इस काम में सहायता की। टोहाना और आसपास के कई गांवों में होता भारी नुकसानः स्थानीय निवासी स्थानीय निवासी सोनू सैनी के अनुसार, इस हेड से 7 नहरें निकलती हैं। अगर समय रहते दरार का पता नहीं चलता तो टोहाना शहर और आसपास के कई गांवों में भारी नुकसान हो सकता था।

# दादरी में भारी बारिश, किसानों की कई एकड़ फसल जलमग्न, किसान बोले- कोई सूध लेने वाला नहीं

चरखी दादरी : दादरी जिले में लगातार हो रही बारिश के चलते 50 फीसदी रबी की फसलें पानी में डूब गई हैं। जलभराव के कारण खासकर बाजरा, कपास, मूंग व धान सहित अन्य फसलों में जड़गलन के कारण काफी नुकसान हुआ है। यहां तक कि फसलें अंकुरित हो गई हैं और हालात ऐसे बन गए हैं कि आगामी रबी फसलों की बिजाई भी प्रभावित होंगी। किसानों ने हालात नहीं सुधरने पर आत्महत्या की बात कही है वहीं कृषि विभाग ने किसानों से ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर फसलों के नुकसान का ब्यौरा दर्ज करने का आह्वान किया है। ताकि किसानों की फसलों के नुकसान की भरपाई की जा सके। कृषि विभाग के विषय विशेषज्ञ डा. चंद्रभान श्योराण ने बताया कि बारिश के कारण जलभराव से खरीफ की फसल में जड़ गलन की पूरी संभावना है। वहीं खराब मौसम के कारण जिले में करीब 50 फीसदी तक नुकसान है और पकी हुई फसलों में दाने का अंकुरण शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रभावित किसान क्षतिपूर्ति पोर्टल पर नुकसान का ब्यौरा दर्ज करवाए ताकि नुकसान की भरपाई हो सके।



किसान विजय कुमार, रणबीर सिंह व कुलदीप इत्यादि ने बताया कि फसलें पानी में डूबने से बर्बाद हो गई हैं। काई सूध लेने नहीं पहुंचा है हालात ऐसे बन गए कि वे आत्महत्या करने पर मजबूर होंगे। साथ ही सरकार से अरदास लगाते हुए मुआवजा की गुहार लगाई है। बता दें कि इस सीजन में चरखी दादरी जिला में करीब 500 एमएम बारिश हो चुकी है। जिसके चलते खरीफ की फसलें ज्वार, बाजरा, कपास, मूंग सहित अन्य फसलें पानी में डूब गई हैं। लगातार जलभराव होने के कारण फसलें बर्बाद होने से किसानों को काफी नुकसान हुआ है। दादरी जिला के चारों तरफ फसलों में कई फीट तक पानी जमा है। किसानों ने पानी के बीच फसलों में नुकसान की जानकारी दी।

# महिला वर्ल्ड कप 2025 जीतने वाली टीम होगी मालामाल, लगभग 300 गुना बढ़ी इनामी राशी

**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी ने सोमवार को भारत और श्रीलंका में होने वाले महिला वर्ल्ड कप के लिए इनामी राशि की घोषणा की है। वहीं इस बार खास बात ये है कि, इस राशी में 297 प्रतिशत की वृद्ध हुई है। आईसीसी ने आधिकारिक बयान में आईसीसी ने पुष्टि करते हुए प्रमुख टूर्नामेंट में कुल पुरस्कार राशि 13.88 मिलियन होगी जो कि, भारतीय रुपये में 122 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम होती है। आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने ये फैसला लेकर महिला क्रिकेट को अलग मुकाम पर पहुंचा दिया है।

बता दें कि, महिला वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम को 4.48 मिलियन डॉलर्स के इनाम का ऐलान किया गया है जो भारतीय रुपये में लगभग 40 करोड़ रुपये बैठती है। वहीं फाइनल में हारने वाली टीम को 2.24 मिलियन यानी लगभग 20 करोड़ रुपये मिलेंगे।

सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीम को लगभग 10 करोड़ रुपये का इनाम दिया जाएगा। ग्रुप स्टेज में एक मैच जीतने वाली टीम को 34 हजार डॉलर यानी 30.19 लाख रुपये मिलेंगे। इसके अलावा पांचवें और छठे स्थान पर रहने वाली टीम को 6.16 करोड़ रुपये के इनाम से नवाजा जाएगा।

वहीं सातवें और आठवें नंबर पर रहने वाली टीमों को भी 2.5 करोड़ रुपये मिलेंगे। कोई टीम मैच जीते या नहीं हर टीम को कम से कम 2 करोड़ 50 लाख रुपये मिलेंगे। वही सबसे चौंकाने वाली बात ये है कि, पुरुष 2023 वनडे वर्ल्ड कप की प्राइज मनी 10 मिलियन डॉलर्स यानी लगभग 88.29 करोड़ रुपये थी।

वहीं आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने कहा कि, ये घोषणा महिला क्रिकेट के सफर में एक निर्णायक मील का पत्थर साबित होगी। जय शाह ने आगे कहा कि, पुरस्कार राशी में चार गुना वृद्धि महिला क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक पल है और इसके दीर्घकालिक विकास के प्रति हमारी स्पष्ट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हमारा संदेश सरल है।




# फिटनेस टेस्ट में रोहित-शुभमन समेत इन खिलाड़ियों ने दिखाया दम



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद से ही रोहित शर्मा के वनडे क्रिकेट में भविष्य को लेकर अटकलें लगती रही हैं। खासकर ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वनडे सीरीज के बाद उनके सफर के खत्म होने की बातें उठती रहीं। वहीं, इस दौरे के लिए चयन से पहले उनकी फिटनेस पर भी सवाल खड़े होते रहे। इन सवालों का जवाब देने के लिए भारतीय वनडे कप्तान रोहित शर्मा बेंगलुरु पहुंचे, जहां उन्होंने फिटनेस टेस्ट दिया। रिपोर्ट्स के अनुसार, रोहित ने बिना किसी परेशानी के यह टेस्ट पास कर लिया है।

कुछ दिनों के ब्रेक के बाद रोहित शर्मा के साथ ही टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल, स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और अन्य खिलाड़ी भी बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, बेंगलुरु में फिटनेस जांच के लिए मौजूद थे। शनिवार और रविवार को दो दिन तक सभी खिलाड़ियों का फिटनेस टेस्ट आयोजित किया गया। बीसीसीआई ने इस बार खिलाड़ियों की फिटनेस जांच के लिए यो-यो टेस्ट के साथ-साथ ब्रॉन्को टेस्ट भी शामिल किया था। हालांकि, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि सभी खिलाड़ियों का ब्रॉन्को टेस्ट हुआ या नहीं, लेकिन रिपोर्ट्स के अनुसार सभी का यो-यो टेस्ट जरूर हुआ।

### रोहित शर्मा ने साबित की अपनी फिटनेस

31 अगस्त रविवार को फिटनेस टेस्ट के दूसरे दिन सभी खिलाड़ियों ने यो-यो टेस्ट दिया, जिसमें कप्तान रोहित शर्मा भी शामिल थे। करीब तीन महीने के क्रिकेट से दूर रहने के बाद भी 'हिटमैन' ने बिना किसी समस्या के फिटनेस टेस्ट पास कर अपनी फिटनेस साबित की। टेस्ट के बाद मुंबई लौटे रोहित के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए, जिसमें वह काफी फिट नजर आए।

### प्रसिद्ध कृष्णा ने भी किया प्रभावित

इंग्लैंड दौरे पर बेहतरीन प्रदर्शन कर चुके तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने भी इस फिटनेस टेस्ट में हिस्सा लिया। रिपोर्ट्स के अनुसार, लंबे कद के इस पेसर ने टेस्ट के दौरान अच्छा प्रदर्शन किया और टीम अधिकारियों को प्रभावित किया। हालांकि उनका स्कोर अभी सामने नहीं आया है। इसके अलावा शुभमन गिल, जसप्रीत बुमराह समेत अन्य खिलाड़ियों ने भी फिटनेस टेस्ट पास किया है। ये सभी खिलाड़ी आगामी एशिया कप टीम का हिस्सा भी हैं।

# पूर्व दिग्गज बोले, स्मिथ और मैक्सवेल के विकल्पों की अभी से तलाश करें ऑस्ट्रेलिया



**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के कई पूर्व क्रिकेटरों का मानना है कि साल 2027 विश्व कप को देखते हुए टीम को अभी से बल्लेबाज स्टीव स्मिथ और ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल जैसे खिलाड़ियों के विकल्प तलाशने होंगे। इसके साथ ही तय रणनीति के अनुसार तैयारियां करनी होंगी। स्मिथ और मैक्सवेल ने चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद ही एकदिवसीय प्रारुप को अलविदा कह दिया था। इन दोनो का विकल्प तलाशना आसान नहीं है क्योंकि स्मिथ लंबी बारी खेलने वाले बेहतरीन बल्लेबाज हैं। वहीं मैक्सवेल गेंद औरा बल्ले दोनो से ही अहम भूमिका निभाते हैं। उसे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज से ही खिलाड़ियों पर नजर रखनी होगी। मैथ्यू शॉर्ट, मिचेल ओवेन और लांस मौरिस चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज से बाहर हैं। ऐसे में किन खिलाड़ियों को स्टीव स्मिथ और ग्लेन मैक्सवेल की जगह मौका दिया जाए। ये सवाल इस सीरीज के अलावा आने वाली सीरीजों में भी ऑस्ट्रेलिया के लिए चिंता का कारण होगा। मार्नस लाबुशेन एकदिवसीय सीरीज खेलेंगे, क्योंकि अनुभवी बल्लेबाज भी टीम में होना चाहिए। हालांकि, वे टेस्ट टीम से बाहर हो चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया को अब उनको कूपर कोनोली, आरोन हार्डी और मैट कुहनेमैन पर भरोसा करना होगा। इनमें से जिस भी खिलाड़ी को इस सीरीज में मौका मिलेगा और वह इन अवसरों का लाभ उठाना चाहेगा और स्मिथ और मैक्सवेल की जगह वह टीम में जगह बनाने की दावेदारी पेश करेगा। वहीं दूसरी ओर अफ्रीका की टीम के लिए बेहतर हालत में है। उसके पास हेनरिक क्लासेन की जगह मध्यक्रम में डेवाल्ड ब्रेविस जैसे बल्लेबाज है, जो टी20 में धाक जमान के बाद वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करेगा।

# 'इस्तीफा नहीं उन्हें निकाला गया है', साउथ अफ्रीकी दिग्गज एबी डिविलियर्स ने राहुल द्रविड़ को लेकर किया सनसनीखेज खुलासा

**स्पोर्ट्स डेस्क।** पूर्व भारतीय दिग्गज राहुल द्रविड़ के राजस्थान रॉयल्स के कोच पद से इस्तीफा देने के बाद क्रिकेट जगत में हलचल मची हुई है। राहुल द्रविड़ को पिछले साल ही राजस्थान रॉयल्स ने कोच के रूप में नियुक्त किया था, लेकिन एक सीजन खेलने के बाद ही उन्होंने टीम से अलग होने का फैसला कर लिया। इस मामले में अब साउथ अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर एबी डिविलियर्स ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। डिविलियर्स ने अनुमान जताया है कि राहुल द्रविड़ को टीम से निकाला गया था, इसलिए उन्होंने अचानक अपना कार्यकाल समाप्त किया।

### एबी डिविलियर्स का बड़ा बयान

एबी डिविलियर्स ने अपने सोशल मीडिया शो '360 लाइव' पर कहा, 'मुझे लगता है कि यह फैसला टीम के ओनर या मैनेजमेंट का था। उन्होंने राहुल को टीम में एक बड़ी भूमिका की पेशकश की, जिसे उन्होंने ठुकरा दिया।



शायद वह परेशान थे क्योंकि वे अभी भी टीम में बने रहना चाहते थे और डगआउट में रहना चाहते थे। यह शायद उनका अपना फैसला हो, लेकिन भविष्य में जब हम उनसे बात करेंगे तो स्पष्टता मिलेगी। राहुल ने टीम में एक बड़ा खालीपन जरूर छोड़ा है।'

### अच्छा नहीं रहा था पिछला सीजन

राजस्थान रॉयल्स के लिए पिछला सीजन खराब रहा है। 2008 की आईपीएल विजेता टीम ने पिछले साल सितंबर में राहुल द्रविड़ को कोच के रूप में लाकर टीम के प्रदर्शन को सुधारने की कोशिश की, लेकिन टीम ने 14 लीग मैचों में केवल चार मैच जीते और अंक तालिका में नौवें स्थान पर रही।

### फ्रैंचाइजी ने क्या कहा?

राजस्थान रॉयल्स की फ्रैंचाइजी ने राहुल द्रविड़ के इस्तीफे पर बयान जारी करते हुए कहा, 'राहुल कई सालों तक राजस्थान रॉयल्स का अभिन्न हिस्सा रहे हैं। उनके नेतृत्व में खिलाड़ियों की एक नई पीढ़ी को प्रेरणा मिली है। उन्होंने टीम में मजबूत मूल्यों का निर्माण किया और फ्रैंचाइजी की संस्कृति पर अमिट छाप छोड़ी है। टीम की संरचना की समीक्षा के दौरान राहुल को फ्रैंचाइजी में एक बड़ी भूमिका की पेशकश की गई थी, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार नहीं किया। राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ी और दुनियाभर के लाखों प्रशंसक फ्रैंचाइजी के लिए उनकी उल्लेखनीय सेवा के लिए राहुल को हार्दिक धन्यवाद देते हैं।'

# दलीप ट्रॉफी के फाइनल का सीधा प्रसारण होगा : बीसीसीआई

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा है कि दलीप ट्रॉफी के खिताबी मुकाबले का सीधा प्रसारण होगा। बीसीसीआई का ये बयान प्रशंसकों की आलोचना को देखते हुए आया है। प्रशंसकों ने दलीप ट्रॉफी मैचों का प्रसारण नहीं किये जाने पर निराशा जतायी थी। बीसीसीआई ने कहा है कि 11 से 15 सितंबर के बीच होने वाले दलीप ट्रॉफी का फाइनल टीवी पर प्रसारित किया जाएगा। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, दलीप ट्रॉफी के फाइनल का सीधा प्रसारण होगा। हमने अपने प्रसारक के साथ 100 दिनों के घरेलू क्रिकेट का सीधा प्रसारण पक्का करने के लिए करार किया है। जिसका मतलब है कि हमारे सभी घरेलू टूर्नामेंटों का सीधा प्रसारण होगा। बीसीसीआई घरेलू क्रिकेट को अत्यधिक महत्व देता है क्योंकि इन मैचों में लगभग सभी भारतीय खिलाड़ी खेल रहे हैं। दलीप ट्रॉफी टूर्नामेंट में अब तक यश ढुल और अंकित कुमार के शतकों की बदौलत नॉर्थ जोन ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। वहीं दूसरे मैच में, दानिश मालेवार के शानदार डेब्यू और रजत पाटीदार व यश राठौड़ के शानदार प्रदर्शन से सेंट्रल जोन ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। दोनों सेमीफाइनल 4 सितंबर को खेले जाएंगे।

# बीसीसीआई ने भारतीय टीम के लिए नये प्रायोजक की तलाश शुरु की, 450 करोड़ रुपये रखी प्रायोजन राशि

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने क्रिकेट टीम के लिए नये स्पॉन्सर (प्रायोजक) की तलाश शुरु कर दी है। नए करार के लिए 450 करोड़ रुपये की रकम तय की गयी है। ये ड्रीम11 के साथ हुए 358 करोड़ रुपये के करार से ज्यादा है। ड्रीम11 को ऑनलाइन गेमिंग एप पर प्रतिबंध के बाद प्रायोजन करार से हटना पड़ा था जबकि उसका करार साल 2026 तक था। ऐसे में बीसीसीआई को अचानक ही नये प्रयोजक की तलाश करनी पड़ी है। बीसीसीआई के लिए हालांकि 9 सितंबर से शुरु हो रही एशिया कप से पहले प्रायोजक मिलना संभव नहीं है। एशिया कप 9 सितंबर से ही शुरु हो रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार अब बीसीसीआई की नजर 2025 से 2028 के लिए नए प्रायोजक की तलाश पर है और इस करार की कीमत करीब 450 करोड़ रुपये होगी जो ड्रीम11 की 358 करोड़ रुपये की रकम से कहीं अधिक होगी।

# ऋषभ ने साझा की तस्वीर, चोट से उबरने का प्रयास कर रहे



बेंगलुरु । भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर–बल्लेबाज ऋषभ पंत इंग्लैंड दौरे के बाद से ही टीम से बाहर हैं। इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में ऋषभ के पैर के अंगूठे में फ्रैक्चर हो गया था। जिससे अब वह उबर रहे हैं। उनका पलास्टर उतर गया है पर उन्हें अभी ठीक होने में समय लगेगा। इसी कारण वह एशिया कप से भी बाहर हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में भी वह शायद ही खेल पाये। अब ऋषभ ने अपनी एक तस्वीर साझा की है। इसमें वह चोट से उबरने का प्रयास कर रहे हैं। प्रशंसक भी उनकी वापसी कब होगी उसको लेकर बेताब हैं। इस क्रिकेटर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की और लिखा, 'इसमें और कितने दिन?' वह उनके पैर पर लगे प्रोटेक्टिव बूट की ओर संकेत कर रहे थे। इस चोट के कारण वह कम से कम छह हफ्तों के लिए खेल से बाहर हो गए हैं। इससे पहले उन्होंने शानदार बल्लेबाजी की थी। उन्होंने लीड्स टेस्ट में लगातार दो शतक लगाए जिससे वह टेस्ट में दो शतक लगाने वाले दूसरे विकेटकीपर–बल्लेबाज बन गए। उन्होंने तीन अर्धशतक भी बनाए जिसमें मैनचेस्टर में फ्रैक्चर वाले पैर के साथ खेली 54 रन की पारी भी शामिल थी। इस दौरे पर सात पारियों में उनके नाम 479 रन थे।

# हॉकी इंडिया लीग को लेकर बड़ी अपडेट, जनवरी में तीन शहरों में खेलें जाएंगे मुकाबले

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्पोर्ट्स डेस्क- हॉकी इंडिया लीग (HIL) का अगला सीजन जनवरी 2026 में आयोजित किया जाएगा, जिसमें इस बार लीग के मैच दो नहीं बल्कि तीन अलग-अलग स्थलों पर खेले जाएंगे। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने पुष्टि की है कि पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता आठ टीमों के साथ पहले की तरह ही जारी रहेगी, जबकि महिला वर्ग में टीमों की संख्या चार से बढ़ाकर छह तक की जा सकती है। हालांकि, इस बार पुरुषों की गोनासिका टीम और महिला वर्ग की मौजूदा चैंपियन ओडिशा वॉरियर्स निजी कारणों से प्रतियोगिता से बाहर हो गई हैं।

### कौन-कौन से वेन्यू हो सकते हैं?

दिलीप टिर्की ने बताया कि इन टीमों की जगह नई टीमों की जल्द घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि महिला वर्ग में कम से कम चार और पुरुष वर्ग में आठ टीमें जरूर रहेंगी। महिला टीमों की संख्या बढ़ाकर छह करने पर विचार जारी है। इस बार लीग के मैच तीन शहरों में खेले जाएंगे, जिनमें दो पुराने शहरों के साथ एक नया शहर भी शामिल होगा। ओडिशा के राउरकेला और भुवनेश्वर में से किसी एक को चुना जाएगा। वहीं, चंडीगढ़ और मोहाली का नाम भी चर्चा में था, लेकिन जनवरी में कोहरे की समस्या को देखते हुए निर्णय फिलहाल टाल दिया गया है।



दिलीप टिर्की ने यह भी जानकारी दी कि पिछली लीग के सभी खिलाड़ियों का बकाया भुगतान कर दिया गया है। खासकर ओडिशा वॉरियर्स टीम की ओर से भुगतान में हुई देरी को हॉकी इंडिया ने सीधे खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि से समायोजित कर दिया है।

### कब होगी खिलाड़ियों की नीलामी?

अगले सीजन के लिए खिलाड़ियों की नीलामी सितंबर के अंत या अक्टूबर के पहले सप्ताह में होगी। इस नीलामी में गोनासिका और ओडिशा वॉरियर्स के साथ-साथ अन्य टीमों द्वारा रिलीज किए गए खिलाड़ी भी शामिल होंगे। टिर्की ने कहा कि भारत अगले साल होने वाले हॉकी विश्व कप और एशियाई खेलों में अपनी सबसे मजबूत टीमों को उतारेगा। उन्होंने बताया कि एशियाई खेल विश्व कप के लगभग तीन सप्ताह बाद होंगे और टीमों की तैयारी पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# फिडे रैंकिंग : आर प्रज्ञानंनदा ने हासिल की करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग, कार्लसन टॉप पर काबिज



बेंगलुरु । फिडे की सितंबर 2025 महीने की रैंकिंग जारी हो गई है। इस दौरान भारत के स्टार खिलाड़ी आर प्रज्ञाननंदा ने अपने करियर के सर्वोच्च रैंकिंग हासिल की है। प्रज्ञाननंदा 2785 श्वद्य॰ के साथ चौथे नंबर पर पहुंचकर भारत के सर्वोच्च रेटिंग वाले क्लासिकल खिलाड़ी का खिताब अपने नाम किया है। यह बढ़त सिंकफील्ड कप में उनके दूसरे स्थान पर रहने से और भी बढ़ गई है। इससे पहले अगस्त में उनकी रेटिंग 6 अंक की थी। वहीं इस रैंकिंग में एक बार फिर नॉर्वे के खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन टॉप पर हैं। हालांकि, वो अब चैंपियन नहीं है, लेकिन रेटिंग के हिसाब से अभी भी नंबर 1 क्लासिकल खिलाड़ी हैं। उनके बाद ग्रैंडमास्टर हिकारू नाकामुरा और फैबियानो कारुआना दूसरे और तीसरे नंबर पर हैं। भारत के अन्य शीर्ष शास्त्रीय खिलाड़ियों में पांचवें स्थान पर अर्जुन एरिगैसी (2771 Elo) और छठे नंबर पर मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश (2767 Elo) शामिल हैं। इसके लावा वैश्विक टॉप 10 में एक उल्लेखनीय नवागंतुक जर्मन के विन्सेंट कीमर हैं, जिन्होंने चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स 2025 में प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद तेजी से 21 रेटिंग अंक प्राप्त किए और एलीट क्लब में एंट्री की है। वहीं इस रैंकिंग में एक और बड़ा बदलाव देखने को मिला है जो कि वेस्ली सो का है। जिन्होंने हाल ही में समाप्त हुई सिंकफील्ड कप जीता। वेस्ली अपने दूसरे खिताब की बदौलत दुनिया में सातवें नंबर पर पहुंच गए हैं।

# बुमराह वर्तमान दौर के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज : अकरम



लाहौर । पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह वर्तमान समय के एक महान गेंदबाज हैं। अकरम ने कहा कि जिस प्रकार भारतीय टीम प्रबंधन उनके वर्कलोड का ध्यान रख रहा है वह भी सराहनीय बात है। अकरम ने कहा कि बुमराह विश्व–स्तर के गेंदबाज है और इसमें किसी को भी संदेह नहीं होना चाहिये। इस पूर्व गेंदबाज ने कहा, बुमराह का ऐक्शन सबसे अलग है। उनके पास गति है और जिस तरह से प्रबंधन उनका ध्यान रख रहा है वह भी काफी अच्छी बात है। इसका पूरा श्रेय प्रबंधन और इस गेंदबाज की मानसिकता को जाता है। अकरम से जब यह पूछा गया कि क्या बुमराह ऑल–टाइम ग्रेट हैं तब उन्होंने कहा, किसी भी अलग–अलग दौर की तुलना नहीं की जा सकती। वह दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज हैं, मैं बाएं हाथ का गेंदबाज था। मैंने सोशल मीडिया पर कई बार बहस देखी हैं पर उससे न तो बुमराह और न ही मुझे फर्क पड़ता है। वह आधुनिक दौर के महान हैं। मैंने अपने समय में अपना योगदान दिया पर वह बहुत ही प्रभावशाली हैं। क्रिकेट में आए बदलाव को लेकर उन्होंने कहा कि अब गेंदबाजों को विकेट मिलने के अवसर ज्यादा हैं क्योंकि बल्लेबाज हर समय शॉट खेलना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 90 के दशक में टी20 नहीं था। एकदिवसीय में बल्लेबाज खराब गेंदों को छोड़ दिया करते थे पर अब तो टेस्ट में भी अच्छी गेंदों तक पर शॉट लग रहे हैं। इससे गेंदबाजों पर दबाव ज्यादा हो गया है। बुमरहा के पास विकेट लेने के अवसर ज्यादा हैं क्यों बल्लेबाज की नजर हमेशा शॉट पर रहती है। गेंदबाज के तौर पर हम उस आक्रामकता का आनंद लेते हैं। टेस्ट क्रिकेट को कुछ टीमों के लिए 5 दिन के बजाय 4 दिन तक का करने वाले यानी टू–टियर सिस्टम के प्रस्ताव को भी अकरम ने बेकार बताया है।

# हरभजन ने थप्पड़ कांड का वीडियो दोबारा जारी करने के लिए ललित मोदी की आलोचना की

नई दिल्ली । पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने आईपीएल 2008 के थप्पड़ कांड का वीडियो दोबारा जारी करने के लिए पूर्व आईपीएल कमिश्नर ललित मोदी की कड़ी आलोचना की है। हरभजन ने उस मैच में नाराज होकर विरोधी टीम के तेज गेंदबाज एस श्रीसंत को एक थप्पड़ लगा दिया है हालांकि उसके बाद से ही हरभजन ने कई बार श्रीसंत से माफी मांग ली थी। साथ ही कहा था कि उस घटना का पछतावा उन्हें हमेशा रहेगा। अब घटना के 17 साल बाद उसी वीडियो को जारी किये जाने से हरभजन नाराज हैं। हरभजन ने कहा है कि जिस बात को लोग भूल गए थे, उसे इतने सालों बाद सार्वजनिक करने की क्या जरूरत थी। उन्होंने कहा कि इसके पीछे पूर्व आईपीएल कमिश्नर को कोई निजी हित छिपा होगा। हरभजन से ब थप्पड़ कांड का वीडियो लीक होने को लेकर पूछा गया तो उन्होंने कहा कि लोग भूल गए थे, और अब उन्हें उसकी दोबारा याद दिलाई जा रही है। हरभजन ने कहा कि जिस तरह से वीडियो लीक किया गया है, वो गलत है। यह नहीं होना चाहिए। इसके पीछे ललित का कुछ स्वार्थ होगा। कई साल पहले कुछ हुआ था, लोग उसे भूल गए हैं और वे उसे याद दिला रहे हैं। हरभजन ने आगे कहा, 'जो कुछ भी हुआ उसके लिए मुझे भी बुरा लगता है। हम लोग खेल रहे थे, और सबके मन में कुछ न कुछ चलता रहता है। गलतियां होती हैं और हम उसके लिए शर्मिंदा महसूस करते हैं।' साथ ही कहा, 'वह दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी और मैं कई मौकों पर कह चुका हूं कि मुझसे गलती हुई थी। इंसान गलतियां करता है, मैंने भी की। मैंने भगवान गणेश से प्रार्थना की है कि अगर मैं भविष्य में गलतियां करता हूं तो मुझे क्षमा करें। गलतियां होती हैं।' हरभजन ने अभी हाल ही में आर अश्विन के साथ हुई बात में भी थप्पड़ कांड के लिए माफी मांगी थी। उन्होंने यह भी कहा कि अब उनके श्रीसंत के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं।

# रणजी नहीं आईपीएल... भारतीय टेस्ट टीम के चयन को लेकर ये क्या कह गए चेतेश्वर पुजारा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हाल ही में टीम इंडिया के अनुभवी खिलाड़ी चेतेश्वर पुजारा ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास की घोषणा की। पुजारा ने नंबर-3 पर टीम इंडिया को लंबे समय तक सेवाएं दी। इस दौरान वह टीम इंडिया के लिए कई बार संकटमोचन बने। उन्होंने राहुल द्रविड़ के बाद टीम इंडिया के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किया जिस कारण उन्हें टीम इंडिया की दीवार कहा जाने लगा। हालांकि, लंबे समय तक उन्हें टीम इंडिया में मौका नहीं मिला लेकिन नंबर-3 अभी भी अस्थिर है। कई खिलाड़ियों को आजमाया गया है। वह इस नंबर पर अपनी जगह पक्की नहीं कर पाए हैं।

वहीं चेतेश्वर पुजारा ने संन्यास के बाद अपनी दिल की बात कही। इस दौरान उन्होंने इंडियन एक्सप्रेस के जरिए भारतीय टेस्ट टीम में चयन को लेकर कड़वी सच्चाई उजागर की। पुजारा ने इस दौरान कहा कि, टेस्ट टीम में चयन आईपीएल, टी20 और वनडे क्रिकेट में प्रदर्शन से होता है। रणजी ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन करने से काफी कम खिलाड़ियों का चयन होता है। जिस कारण नए दौर के खिलाड़ी अटैकिंग क्रिकेट पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं।

साथ ही पुजारा ने कहा कि, मुझे लगता है कि ज्यादातर खिलाड़ियों को टेस्ट मैचों के लिए टी20, आईपीएल या वनडे में उनके प्रदर्शन के आधार पर चुना जाता है। बहुत कम खिलाड़ी ऐसे होते हैं जिन्हें रणजी मैचों में उनके प्रदर्शन के आधार पर चुना जाता है। यहां तक कि, गेंदबाज भी सफेद गेंद वाले सर्किट से टेस्ट मैचों में आ रहे हैं। यही कारण है कि मुझे लगता है कि आधुनिक युग के बल्लेबाजों की ताकत आक्रामक क्रिकेट खेलना है। वे जरूरत पड़ने पर गेंद को डिफेंडकरने या छोड़ने की कला सीख रहे हैं।

वहीं टीम इंडिया के पूर्व दिग्गज ने कहा कि, फिलहाल अभी भी समझदारी भरा क्रिकेट खेला जा रहा है। खिलाड़ी स्थिति का आकलन कर रहे हैं। फिर काउंटर अटैकिंग कर रहे हैं। लेकिन मुझे लगता है कि खेल बेहतर स्ट्राइक रेट के साथ आगे बढ़ेगा। हालांकि, ऐसा तभी हो सकता है जब आप सपाट पिच पर खेल रहे हों। अगर आप चुनौतीपूर्ण पिच पर खेलना शुरू करते हैं तो क्या कोई आक्रामक क्रिकेट खेलना जारी रख सकता है? इस पर पुजारा ने कहा कि, नहीं, इसलिए अगर कोई पारंपरिक टेस्ट खिलाड़ी रणजी ट्रॉफी से उभरता है तो मुझे अभी भी लगता है कि उसके पास भारत की टेस्ट टीम में योगदान देने का मौका होगा।





# महिला केंद्रित वेब सीरीज एक्टिंग की दुनिया में वापसी कर रही हैं सना मकबूल

लंबे ब्रेक के बाद अभिनेत्री सना मकबूल अब महिला केंद्रित वेब सीरीज के साथ वापसी कर रही हैं। अभिनेत्री का कहना है कि लंबे समय तक चुपचाप अपनी सेहत का ख्याल रखने और खुद को दोबारा तैयार करने के बाद अब फिर से एक्टिंग की दुनिया में कदम रख रही हैं। सना ने अपनी जिंदगी के सफर को याद करते हुए कहा कि जब हालात ने उन्हें रुकने पर मजबूर किया, तो उन्हें एहसास हुआ कि महिलाएं अक्सर खुद को सबसे आखिर में रखती हैं, अपने सपनों को, अपनी सेहत को, और अपनी खुशी को भी। उन्होंने कहा, मेरे लिए महिलाओं से जुड़ी एक कहानी के साथ वापसी करना बहुत खास है। ये मेरी तरफ से एक संदेश है कि हम सबको दूसरा मौका मिलना चाहिए, और हम सबकी बात सुनी जानी चाहिए। उनकी आने वाली वेब सीरीज महिलाओं की भावनाओं, ताकत और जज्बे पर आधारित होगी, जो सना की जिंदगी के अनुभवों से भी मेल खाती है। इस प्रोजेक्ट को उन्होंने इसलिए चुना क्योंकि वह ऐसे किरदारों को सामने लाना चाहती थीं, जो साहस, उम्मीद और आत्म-खोज की मिसाल पेश करें। सना को आखिरी बार सुर्खियों में तब देखा गया था, जब जून में उनकी करीबी दोस्त, डॉ. आशना कंचवाला ने अस्पताल से एक इमोशनल पोस्ट शेयर की थी। इंस्टाग्राम स्टोरी पर सना की एक बीमार हालत में तस्वीर साझा करते हुए आशना ने लिखा था, मेरी सबसे स्ट्रॉन्ग दोस्त। तुमने जैसी हिम्मत दिखाई है, मैं तुम पर गर्व करती हूं। तुम जल्द ही इस मुश्किल से बाहर आओगी। इसके कुछ दिन बाद, सना ने भी सोशल मीडिया पर अपने फैन्स को धन्यवाद कहा और सभी से दुआओं की गुजारिश की। उन्होंने एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह अपने हाथ में एक डॉल पकड़ी थीं और लिखा था, मेरे इस तूफान के बीच, वह मेरे लिए पहला लैबुबू लाया। इसके साथ ही सना ने एक इंटरव्यू में अपने हेल्थ इश्यू के बारे में खुलकर बताया था। उन्होंने कहा था, इस बीमारी में शरीर अपने ही अंगों पर हमला करता है। मेरे केस में यह लिवर को प्रभावित कर रहा है। यह लुपस की तरह है, जिसमें किडनी या जोड़ों पर असर होता है।



# लव इंश्योरेंस कंपनी में 2040 की मोहब्बत को फिर से परिभाषित करती दिखीं कृति शेट्टी

साउथ इंडियन सिनेमा की सबसे होनहार युवा अभिनेत्रियों में से एक, कृति शेट्टी ने अपनी पहली फिल्म उप्पेना में अपनी सफलता के बाद से भावनात्मक रूप से समृद्ध और युवा भूमिकाएँ चुनने के लिए तेज़ी से अपनी पहचान बनाई है। मासूमियत और सशक्त स्क्रीन प्रेजेंस का सुंदर मेल उनकी पहचान बन चुका है। अब वे विनेश शिवन द्वारा निर्देशित तमिल फिल्म लव इंश्योरेंस कंपनी में साइंस फिक्शन की दुनिया में बड़ा कदम रख रही हैं, जहाँ वह प्रतीक रंगनाथन के साथ रोमांस करती नजर आएंगी। यह उनकी फिल्मोग्राफी में एक महत्वपूर्ण बदलाव है, क्योंकि वे छोटे शहरों की कहानियों और रोमांटिक कॉमेडी से निकलकर एक हाई-कॉन्सेप्ट फ्यूचरिस्टिक लव स्टोरी में नजर आएंगी, जो तकनीक, टाइम ट्रैवल और भावनाओं के धुंधले दायरों की पड़ताल करती है। हाल ही में रिलीज़ हुए टीज़र लव इंश्योरेंस कंपनी- फर्स्ट पंच में कृति के किरदार को साल 2040 की एक अनोखी साइंस-फिक्शन दुनिया में पेश किया गया है। सफेद पोशाक में सजी हुई, हाथों में फूल लिए, बारिश में बाहर निकलती कृति एक ऐसा दृश्य पेश करती हैं जिसे भूल पाना मुश्किल है। और अगर ये नज़ारा लंबे समय तक आपकी याद में न रहे, तो फिर क्या रहे? इसके बाद जो कहानी शुरू होती है, वो है 2040 की एक बेहद दिलचस्प प्रेम गाथा — एक ऐसा दौर जब दुनिया प्यार की भाषा और रोमांस को उस रूप में पीछे छोड़ चुकी है जैसा हम आज जानते हैं। जहां प्रतीक रंगनाथन का किरदार समय की परतों को पार करता है सच्चे प्यार की तलाश में, वहीं कृति इस ट्रेलर की विजुअल टोन को एंकर करती हैं — सजीव, सौम्य, भावनात्मक रूप से दूर, फिर भी संभवतः एक परिवर्तनकारी मोड़ के कगार पर।

लव इंश्योरेंस कंपनी कृति शेट्टी के करियर की अब तक की सबसे रोमांचक भूमिकाओं में से एक साबित हो सकती है — न केवल एक रोमांटिक लीड के रूप में, बल्कि एक ऐसे भविष्य की भावनात्मक और दार्शनिक केंद्र के रूप में भी, जो कल्पना की सीमाओं को चुनौती देता है। इंटरनेट पर कई फैन थ्योरीज़ सामने आ रही हैं, जिनमें कहा गया है कि उनका किरदार एक एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) हो सकता है, जो अनजाने में प्रेम की अनुभूति करने लगता है। अगर ऐसा होता है, तो यह भूमिका कृति को एक बिल्कुल नए इमोशनल स्पेक्ट्रम को एक्सप्लोर करने का मौका देगी। हालांकि इन अटकलों पर मुहर तो सिर्फ कृति या फिल्म के निर्माता ही लगा सकते हैं, लेकिन इतना तय है कि LIK में उनका रोल सीमाओं को लांघने वाला होगा।

# 'जातस्य मरणं ध्रुवं' के लिए मार्शल आर्ट्स की ट्रेनिंग ले रही हैं शीना चौहान



साउथ इंडियन एक्ट्रेस शीना चौहान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म के लिए काफी मेहनत कर रही हैं। उनकी आने वाली फिल्म है 'जातस्य मरणं ध्रुवं', जिसमें वे एक आईपीएस ऑफिसर के किरदार में दिखाई देंगी। इस फिल्म के लिए वे मार्शल आर्ट की कड़ी ट्रेनिंग ले रही हैं। 'जातस्य मरणं ध्रुवं' में शीना की जोड़ी जेडी चक्रवर्ती के साथ जमेगी। जेडी को हिंदी फिल्म 'सत्या' में देखा गया था। एक्ट्रेस शीना कराटे में ब्राउन बेल्ट और एमएमए- कराटे चैंपियनशिप में राज्य स्तर की खिलाड़ी रह चुकी हैं। अब वे फिल्म में अपने कैरेक्टर को और दमदार बनाने के लिए मार्शल आर्ट सीख रही हैं। वह हैदराबाद में एक निजी कोच के साथ प्रतिदिन 90 मिनट की ट्रेनिंग ले रही हैं। इसमें ताकत के साथ ही आधुनिक युद्ध की बारीकी पर ध्यान केंद्रित करना सिखाया जा रहा है। इस बारे में बात करते हुए शीना ने कहा, मेरे लिए परफॉर्मेंस के साथ ही प्रक्रिया भी काफी महत्वपूर्ण है। चाहे वह मेरी मार्शल आर्ट हो, जिम वर्कआउट हो, या असली अधिकारियों का अध्ययन करने में बिताया गया समय हो, यह सब मुझे किरदार को ईमानदारी से जीने में मदद करता है। शीना को आखिरी बार फिल्म संत तुकाराम में देखा गया था। इसमें उन्होंने अवली जीजाबाई का किरदार बड़े ही प्रभावशाली ढंग के साथ निभाया था। इसके लिए लोगों और समीक्षकों ने उनकी तारीफ भी की थी। तेलुगु फिल्म 'जातस्य मरणं ध्रुवं' एक सस्पेंस-थ्रिलर मूवी है, जिसमें कई अप्रत्याशित मोड़ आते हैं। इसकी शूटिंग पूरी हो चुकी है और अब पोस्ट-प्रोडक्शन के अंतिम चरण में है।



# साउथ इंडस्ट्री में डेब्यू कर रहीं मोनालिसा

**प्रयागराज महाकुंभ से अपनी खूबसूरत आंखों को लेकर माला विक्रेता मोनालिसा खूब लोकप्रिय हुईं। किस्मत उन पर इस कदर मेहरबान हुई कि वे अब फिल्मी दुनिया में कदम रख चुकी हैं। वे बॉलीवुड फिल्म द डायरी ऑफ मणिपुर में पहले से काम कर रही हैं, इस बीच उनके हाथ एक साउथ फिल्म लगी है। वायरल गर्ल मोनालिसा मलयालम फिल्म नागम्मा में नजर आएंगी।**

न्यूज एजेंसी के मुताबिक माला विक्रेता मोनालिसा भोसले आगामी मलयालम फिल्म नागम्मा में काम करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हाल ही में इस फिल्म की पूजा सेरेमनी हुई, इसमें भी मोनालिसा ने शिरकत की। मोनालिसा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से तस्वीरें भी शेयर कीं। मोनालिसा ने आगामी मलयालम फिल्म की पूजा सेरेमनी की जो फोटोज शेयर की हैं, उनमें उनके साथ नीलाथमारा के एक्टर कैलाश भी नजर आ रहे हैं। फिल्म में मोनालिसा कैलाश के अपोजिट दिखाई देंगी। पी बीनू वर्गीस इस फिल्म का निर्देशन करेंगे। वहीं, जीली जॉर्ज फिल्म के प्रोड्यूसर हैं। नागम्मा में मोनालिसा महत्वपूर्ण भूमिका में होंगी। फिल्म नागम्मा की शूटिंग सितंबर में शुरू होने की उम्मीद है। मोनालिसा की सोशल मीडिया पर तगड़ी फैन फॉलोइंग है। इंस्टाग्राम पर उनके करीब सात लाख फॉलोअर्स हैं।

# विवेक के नाम का कभी फायदा नहीं उठाया





बॉलीवुड अभिनेता विवेक ओबेरॉय के चचेरे भाई अक्षय ओबेरॉय भी एक एक्टर हैं और उन्होंने भी कई फिल्मों में काम किया है। हाल ही में अक्षय सुर्खियों में आ गए हैं, क्योंकि उन्होंने विवेक ओबेरॉय के साथ अपने रिश्ते पर बात की और पारिवारिक संबंधों पर विचार प्रकट किए। उन्होंने बताया कि दोनों भाईयों के बारे में इंडस्ट्री में बहुत कम लोगों को पता है। अक्षय ओबेरॉय हाल ही में फ्री प्रेस जर्नल के साथ एक बातचीत में शामिल हुए, जहां उन्होंने अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर बात की। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि मैं यह बात पूरे विश्वास के साथ कह रहा हूं क्योंकि किसी को नहीं पता था कि हम रिश्तेदार हैं। यहां तक कि कास्टिंग करने वाले को भी नहीं, किसी को पता नहीं था। मैंने कभी इस बात का अपने फायदे के लिए इस्तेमाल नहीं किया। मैंने कभी किसी से कहा नहीं क्योंकि मुझे क्या मिलता?'

आगे बातचीत में अक्षय ओबेरॉय ने कहा, 'ऐसा भी नहीं था कि मैं उन्हें फोन करके उनसे संपर्क कर पाता, आप जानते ही हैं। बदकिस्मती से, मैं यह बात गर्व से नहीं, बल्कि दुख के साथ कहता हूं कि कोई सच्चा रिश्ता ही नहीं था। तो, मैं उन्हें फोन करके क्या पूछता? मैं बस अपने रास्ते पर चलता रहा।' करियर को लेकर जवाब देते हुए अक्षय ने कहा, 'मुझे पूरा यकीन था कि कोई मेरी मदद नहीं करेगा। इस क्षेत्र में मेरा कोई गुरु, गॉडफादर या मार्गदर्शक नहीं था।

## साथ मिलकर काम करते, तो मजा आता

अंत में उन्होंने कहा, हमारे परिवारों में कभी बनती नहीं थी, और मैं यहां था। शायद हम एक परिवार के तौर पर इस लिहाज से बदकिस्मत थे। वो (विवेक ओबेरॉय) और उनके पिता, दोनों ही बहुत अच्छे अभिनेता हैं, और मुझे उस वंश से होने पर गर्व है। लेकिन अगर हम साथ मिलकर काम कर पाते, तो मजा आता।'

# अब तक किन टीवी अभिनेत्रियों ने निभाई नागिन की भूमिका, सातवें सीजन में तेजस्वी प्रकाश का बरसेगा कहर



एकता कपूर के टीवी सीरियल नागिन के हर सीजन में अलग-अलग अभिनेत्रियां मुख्य भूमिका में नागिन बनी हैं। इनकी अदाकारी ने दर्शकों को खूब लुभाया है। इस लिस्ट में मौनी रॉय, अदा खान, सुरभि ज्योति, अनीता हसनंदानी, निया शर्मा, सुरभि चंदना और तेजस्वी प्रकाश जैसी एक्ट्रेस ने रातोंरात प्रसिद्धि हासिल की है। जानिए अब सातवें सीजन में कौन सी अभिनेत्री नजर आ सकती है।

## नागिन सीजन 1



नागिन सीरीज 2015 में शुरू हुई थी। हर सीजन में मुख्य नागिन का किरदार एक या ज्यादा अभिनेत्रियां निभाती हैं। नागिन के पहले सीजन में मौनी रॉय और अदा खान ने नागिन की भूमिका निभाई थी। मौनी रॉय को नागिन सीरियल से प्रसिद्धि मिली। सीजन 1 में मौनी ने शिवन्या नाम की मुख्य नागिन का रोल निभाया। यह एक इच्छाधारी नागिन थी, जो अपने माता-पिता की हत्या का बदला लेती है। अर्जुन बिजलानी और अदा खान उनके साथ थे। यह सीजन जबरदस्त हिट हुआ था।

## नागिन सीजन 2

नागिन का दूसरा सीजन 8 अक्टूबर 2016 को शुरू हुआ था। इस सीजन में भी मौनी ने शिवांगी का रोल किया, जो शिवन्या की बेटी थी। यहां उन्होंने नागिन के रूप में जहर भरी अदाओं और इमोशनल सीन दिखाए। करणवीर बोहरा और अदा खान फिर साथ थे। मौनी की डांसिंग और ट्रांसफॉर्मेशन सीन आज भी फेमस हैं।

## नागिन सीजन 3



नागिन का सीजन 3, 2 जून 2018 से 26 मई 2019 तक चला। इसमें सुरभि ज्योति मुख्य नागिन बनीं। उन्होंने बेला सहगल और श्रावणी सिप्पी के डबल रोल किए, जो शेषनाग वंश की नागरानी थीं। यह सीजन सबसे लंबा चला और काफी हिट रहा। पर्ल वी पुरी और अनीता हसनंदानी उनके साथ थे।

## निया शर्मा – नागिन सीजन 4



सीजन 4 नागिन – भाग्य का जहरीला खेल 14 दिसंबर 2019 से 8 अगस्त 2020 तक चला। इसमें निया ने बृंदा का मुख्य रोल किया, जो शेषनाग वंश की नागिन थी। कोविड के कारण शो रुका भी, लेकिन फिर चला। विजयेंद्र कुमेरिया और जस्मिन भसीन साथ थे।

## सुरभि चंदना – नागिन सीजन 5



नागिन सीजन 5 में सुरभि चंदना ने बानी शर्मा का रोल निभाया, जो शेषनाग वंश से सर्वश्रेष्ठ आदि नागिन थी। शरद मल्होत्रा और मोहित सहगल उनके को-स्टार थे। सुरभि की दमदार ऐक्टिंग और नागिन के रूप में ट्रांसफॉर्मेशन सीन खूब पसंद आए। यह सीजन भी हिट रहा।

## तेजस्वी प्रकाश – नागिन सीजन 6

नागिन सीजन 6 सबसे लंबा चला। तेजस्वी प्रकाश ने प्रथा गुजराल/ प्रार्थना /प्रगति के ट्रिपल रोल किए, जो वासुकी कबीले की महा शेष नागिन थीं। बिग बॉस 15 जीतने के बाद यह उनका पहला बड़ा शो था। सिम्बा नागपाल, महक चहल और वत्सल सेठ साथ थे।

## नागिन सातवें सीजन में तेजस्वी प्रकाश

अब नागिन 7 की बात। एकता कपूर ने 2025 में इसकी अनाउंसमेंट की और दो साल के इंतजार के बाद टीजर रिलीज हो गया। यह सीजन भी कलर्स टीवी पर आएगा, लेकिन अभी रिलीज डेट कन्फर्म नहीं है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सातवें सीजन में तेजस्वी प्रकाश ही मुख्य नागिन का रोल निभाएंगी। वह सीजन 6 की तरह ही वापसी करेंगी, लेकिन नई कहानी के साथ।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा एजीएस पब्लिकेशंस एफ 23, सेक्टर 6, गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 244242 से प्रकाशित।
संपादक- अनुज कुमार, R.N.I.No.- UPHIN/25/RAA18, मो0.945688 4327 , E-mail- officialsabkasapna@gmail.com, www.sabkasapna.com नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।